# City 24 News

**शहर आपका, खबर आपकी**

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर वर्ष 2, अंक 25 पेज 8 वीरवार 25 जनवरी, 2024 संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


# दृष्टि बाधित होने के बावजूद हरियाणा की गरिमा दूसरे बच्चों में जगा रही शिक्षा की अलख

## साक्षर पाठशाला मुहिम से जोड़ा प्रदेश के 1 हजार से अधिक बच्चों को

## हरियाणा की गरिमा को राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू ने सामाजिक सेवा श्रेणी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2024 से किया सम्मानित

## शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार, हर बच्चे को मिले शिक्षा, इसी सोच के साथ बढ़ रही आगे

**सिटी 24 न्यूज**

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। हर बच्चे को शिक्षा मिले इसी सोच के साथ दूरदर्शी सोच रखने वाली महेन्द्रगढ़ की बालिका गरिमा ने साक्षर पाठशाला से 1 हजार से जूयादा बच्चों को शिक्षा से जोड़ा है। गरिमा की यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वह दृष्टि बाधित होने के बावजूद भी दूसरों बच्चों के जीवन में शिक्षा की अलख जगा रही है। उनके इस अद्वितीय कार्य के लिए भारत की राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हे सामाजिक सेवा श्रेणी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2024 से सम्मानित किया है। देश भर से 19 बच्चों को इस सम्मान के लिए चुना गया था, जिसमें हरियाणा की ओजस्वी सोच की धनी गरिमा भी शामिल है। 26 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में गरिमा इन सभी बच्चों के साथ हिस्सा ले रही हैं। हरियाणा से इस वर्ष गरिमा एकमात्र बालिका है जिसे यह सम्मान दिया गया है।

**बच्चे जब पढ़ेगे, तभी तो आगे बढ़ेगे**

हरियाणा के महेन्द्रगढ़ जिले के



नावदी गांव की 9 वर्षीय गरिमा चौथी कक्षा की छात्रा है।गरिमा अपनी साक्षर पाठशाला अभियान के ज़रिए झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों व उनके माता पिता से संपर्क कर उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक कर रही है।

अपनी इस मुहिम के ज़रिए गरिमा यह संदेश दे रही है कि यदि वह दृष्टि बाधित हो कर शिक्षा प्राप्त कर सकती है तो अन्य बच्चे क्यों नहीं शिक्षा प्राप्त कर सकते।वह शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बताती है कि पढ़ाई बहुत जरुरी है।बच्चे जब पढ़ेगे, तभी तो आगे बढ़ेगे। अपने शिक्षा के शुरुआती दिनों में जब गरिमा को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा तो उन्हे उन बच्चों का ख्याल आया जो किसी न किसी मज़बूरी की वजह से शिक्षा से वंचित थे। उसी पल उन्होने उन बच्चों के साथ जुड़ने का फैसला किया, जिसमें उसके परिवार ने पूरा सहयोग किया। गरिमा के पिता पेशे से शिक्षक है। गरिमा भी अपने पिता की तरह शिक्षा से जुड़ कर एक शिक्षिका के रूप में समाज में अपना योगदान देना चाहती है।

**छोटी सी उम्र में गरिमा के हौसले व असाधारण प्रयास ने ही आज उसे पहुँचाया इस मुक़ाम तक**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार असाधारण योग्यता और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। राष्ट्रीय स्तर के ये पुरुस्कार 5 से 18 वर्ष आयु तक के बच्चों को दिए जाते हैं। यह पुरुस्कार बहादुरी, संस्कृति, पर्यावरण, कला, विज्ञान व प्राद्यौगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसे सात श्रेणियों में उत्कृष्ठता के आधार पर दिए जाते है। इस बार पूरे देश से 19 बच्चों को विभिन्न श्रेणियों में ये पुरुस्कार दिए गए हैं, जिन्होने अपने-अपने क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया है। सामाजिक सेवा की श्रेणी में इस बार 4 बच्चों को शामिल किया गया है जिसमें गरिमा भी शामिल है। प्रत्येक पुरुस्कार में एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशसति पुर्सतिका दी जाती है।छोटी सी उम्र में गरिमा के इस हौसले व असाधारण प्रयास ने ही आज उन्हें इस मुक़ाम तक पहुँचाया है।

गरिमा का कहना है कि शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे का मौलिकअधिकार है। हरियाणा सरकार बच्चों की शिक्षा के लिए कई योजना चला रही है ताकि प्रदेश का एक भी बच्चा इस अधिकार से वंचित ना रहे।इतनी कम उम्र में इस दिशा में गरिमा का यह कदम प्रदेश ही नहीं पूरे देश के लिए गौरव का विषय है।

# मुख्यमंत्री ने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के डुल्ट गांव से वर्चुअल माध्यम से 60 अमृत प्लस सरोवरों का किया उद्घाटन

## जनता से किया आह्वान, पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं, पानी के रि-यूज और रि-साईकिल पर जोर दें

## प्रदेश में भूजल रिचार्जिंग के लिए 1000 और रिचार्ज-वेल किए जाएंगे स्थापित

## मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत 1,74,000 एकड़ क्षेत्र में किसानों ने धान के स्थान पर अन्य फसलों को अपनाया




**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के नागरिकों का आह्वान किया कि पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। पानी बेशकीमती है, इसलिए उपलब्ध पानी का उपयोग कर उसे पुन: उपयोग करने की आदत बनायें। मुख्यमंत्री आज जिला फतेहाबाद में टोहाना विधानसभा क्षेत्र के डुल्ट गांव में वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर में 60 अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन करने उपरांत जनता को संबोधित कर रहे थे। आज उद्घाटन किए गए 60 अमृत सरोवरों में जिला फतेहाबाद के 31 अमृत सरोवर हैं।

मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के तालाबों की कायाकल्प करने के लिए वर्ष 2022 में अमृत सरोवर मिशन की शुरुआत की थी। इस मिशन के तहत हरियाणा में 1 मई, 2002 से हर जिले में 75 तालाब के अनुसार कुल 1650 तालाबों का जीर्णोद्धार कर अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। राज्य सरकार व स्थानीय स्तर पर किए गए प्रयासों के फलस्वरूप हरियाणा 2078 अमृत सरोवर बनाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 1 माह में 200 और अमृत सरोवर बनाए जाएंगे।

**तालाबों के कायाकल्प के लिए बनाया हरियाणा तालाब प्राधिकरण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में तालाबों के कायाकल्प के उद्देश्य से हमने हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया है और प्राधिकरण को प्रदेश में उपलब्ध तालाबों का सर्वे करने के निर्देश दिए थे। सर्वे के अनुसार प्रदेश में 19,649 तालाब पाए गए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 18 हजार तालाब तथा शहरों में 900 तालाब शामिल हैं। इन तालाबों में लगभग 11,000 प्रदूषित तालाब हैं, इनके कायाकल्प के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार राज्य में पानी की मांग लगभग 35 लाख करोड़ लीटर पानी की है, जबकि हमारे पास लगभग 21 लाख करोड़ लीटर पानी उपलब्ध है। इस प्रकार लगभग 14 लाख करोड़ लीटर पानी की कमी है। भूजल के अलावा पानी की उपलब्धता बरसात व पहाड़ों से आने वाले पानी से होती है। उन्होंने कहा कि एसवाईएल नहर के माध्यम से समझौते के अनुसार हरियाणा को पंजाब से पानी मिलना था, लेकिन यह अभी नहीं मिल रहा है। यह अंतरराज्यीय विवाद है। इस विवाद को हल करने के लिए हम सुप्रीम कोर्ट तक गए है। यह विवाद अभी हल नहीं भी हो रहा है तो भी हरियाणा सरकार ने पानी का बेहतर प्रबंधन किया है। दक्षिण हरियाणा में लगभग 300 टेलों तक हमने पानी पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल प्रदूषण बोर्ड ने प्रदेश में प्रदूषित जल को संशोधित करने, जल संरक्षण, जल प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है और अन्य राज्यों के लिए हरियाणा को मॉडल बताया है।

**वर्तमान सरकार ने तालाबों के कायाकल्प व सौंदर्यीकरण की राशि को बढ़ाकर किया 7 लाख रुपये**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आने से पूर्व तालाबों की सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए केवल 50,000 रुपये प्रति तालाब निर्धारित थे। लेकिन हमारी सरकार ने इस राशि को बढ़ाकर 7 लाख रुपये प्रति तालाब किया है, जिसके फलस्वरूप आज प्रदेश में तालाबों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तालाबों में पानी को साफ करके डालने से उसका उपयोग सिंचाई, पशुओं के पीने के लिए व अन्य आवश्यकताओं के लिए किया जा सकता है।

**जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों किसान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों ने रासायनिक खादों का अत्यधिक उपयोग कर फसल की पैदावार तो बढ़ा ली, परंतु जमीन की गुणवत्ता खराब हो गई। रसायनों के कारण जमीन में एक पक्की लेयर बनने के कारण बरसात का पानी जमीन के नीचे नहीं जा रहा, जिससे कई क्षेत्रों में जलभराव व दलदल की समस्या बन चुकी है। इतना ही नहीं, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग के कारण आज कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो रही है। इस समस्या से निजात पाने के लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर जाना होगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि जल संरक्षण व जलभराव की समस्या से बचने के लिए धान के स्थान पर अन्य वैकलपिक फसलों की खेती करें। इसके लिए सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत योजना चलाई है, जिसके तहत धान की खेती छोड़ने वाले किसानों को 7 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। अब तक 1,74,000 एकड़ जमीन पर किसानों ने धान लगाना छोड़ दिया है।

**प्रदेश में भूजल रिचार्जिंग के लिए 1000 और रिचार्ज-वेल किए जाएंगे स्थापित**

मनोहर लाल ने कहा कि भूजल रिचार्जिंग पर फोकस करते हुए प्रदेश में 1000 रिचार्ज-वेल बनाये जा चुके हैं। अगले वर्ष के लिए भी 1000 रिचार्ज-वेल बनाने का लक्ष्य रखा है। इन वेल के बनने से हर वर्ष लगभग 8000 एकड़ अतिरिक्त जमीन पर सिंचाई संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कुल 95 लाख एकड़ जमीन कृषि योग्य है, इसमें से 45 लाख एकड़ में नहरी पानी से सिंचाई हो पाती है। शेष भूमि पर बरसात के पानी से या ट्यूबवेल के माध्यम से सिंचाई होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी को शुद्ध करने के लिए प्रदेश में 200 ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं, जिनसे 700 क्यूसेक पानी उपलब्ध हो रहा है। इस पानी का उपयोग बागवानी, सिंचाई,पावर प्लांटों व उद्योगों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में बरसात व भूजल स्तर की स्थिति का पता लगाने के लिए जल प्रवाह मीटर, मैनुअल वर्षा माप यंत्र तथा पीजोमीटर का उपयोग करें। वर्षा जल संचयन पर जोर दें। उन्होंने आह्वान किया कि पानी अमूल्य है, इसलिए इसे व्यर्थ नष्ट न करें और रि-साइकल व रि-यूज करें।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में टोहाना क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर- देवेंद्र बबली**

इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि टोहाना क्षेत्र नहरों की नगरी के साथ-साथ धार्मिक नगरी व योद्धाओं की धरती भी है और इस क्षेत्र में आज जो विकास हुआ है, वह पहले कभी नहीं हुआ। टोहाना क्षेत्र की अनदेखी पहले होती रही, लोग सत्ता सुख व वोट बटोरने की राजनीति करते रहे। लेकिन मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस क्षेत्र में आज निरंतर विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की सोच है कि हमारे गांव शहरीकरण की ओर बढ़े, इस सोच को वास्तव में हमने धरातल पर लागू किया है। उन्होंने कहा कि टोहाना बाईपास बनाने, फतेहाबाद में मेडिकल कॉलेज की सौगात देने तथा आज 31 अमृत सरोवरों का उद्घाटन करने के लिए मुख्यमंत्री का विशेष आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल, विधायक दुड़ाराम, जिला उपायुक्त अजय तौमर, गांव की सरपंच श्रीमती हरप्रीत कौर ढिल्लों सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राम का नाम लेने के लिए किसी को भाजपा या आरएसएस से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं : कुमारी सैलजा

**सिटी 24 न्यूज**

**समालखा/चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जब भी कोई चुनाव आता है तो भाजपा को धर्म याद आने लगता है उसने जनता के बारे में कभी नहीं सोचा। राम सब में है और राम सबके है राम का नाम लेने के लिए किसी को भाजपा या आरएसएस से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं हैं। भाजपा देश को धर्म और जाति के नाम पर बांट रही है। पिछले दस सालों में देश में कही पर भी विकास नहीं हुआ अगर विकास हुआ है तो केवल और केवल अंबानी और अडानी का। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी देश की जनता की आवाज बन रहे हैं , जनता को विकल्प के रूप में कांग्रेस ही नजर आती है, ऐसे में डरी हुई भाजपा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में तरह तरह के व्यवधान पैदा कर रही है पर यह यात्रा रुकने वाली नहीं है। हरियाणा में भी हमने कांग्रेस संदेश यात्रा शुरू की है, जिसके माध्यम में राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश जनता तक पहुंचाया जा रहा है यह यात्रा हरियाणा में बदलाव लेकर आएगी।

कुमारी सैलजा समालखा में एक जनसभा को संबोधित कर रही थी। बुधवार को उन्होंने गांव हल्दाना से सुबह 9 बजे यात्रा प्रारंभ की जो पट्टी कल्याण होते हुए पहुंची। इस मौके पर उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, विधायक एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी, हरियाणा कांग्रेस के



कार्यकारी अध्यक्ष चौ. रामकिशन गुज्जर, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज, विधायक शमशेर सिंह गोगी, विधायक प्रदीप चौधरी, विधायक रेणुबाला, पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, पूर्व विधायक भरत सिंह छोक्कर, पूर्व स्पीकर अकरम खान, लाल बहादुर खोवाल, निर्मल चौहान, सुरेश ढांडा, रामनिवास राडा, श्याम सुंदर बत्रा, संजीव भारद्वाज, रोहित जैन, निलय सैनी, धर्मपाल गुप्ता, कंवरदीप सैनी, विमला सरोहा, सुरजीत सिंह सालवान, राकेश तंवर, रेणु तंवर, राय सिंह गुर्जर, मोहकम छोक्कर, सतपाल सिंह चौहान, मुकेश सैनी, रणधीर राणा, कुनाल छोक्कर, प्रियंका हुडा, सुनीता राज आर्य, राजेश पुरखासिया, अरुण पंजाबी, आनंद चौहान, देवेन्द्र लक्की, राजेश शर्मा, अशोक, तजेंद्र मक्कड, माम्मन छाछिया, हरपाल चंदेल, जयपाल मान आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने कुमारी सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, किरण चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेताओं को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में उत्साह देखते ही बनता था। जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ देखकर मंचासीन नेता गदगद दिखाई दिए।

इस मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि आज देश के मौजूदा हालात अच्छे नहीं है उसे देखते हुए देश की जनता कांग्रेस की ओर देख रही है और चाहती है कि राहुल गांधी उनकी आवाज बनें। राहुल गांधी की यात्रा को असम में रोकने का प्रयास किया गया पर यह न तो यह यात्रा रुकेगी और न ही कांग्रेस रूकने वाली है, देश राहुल गांधी-राहुल गांधी पुकार रहा है। राहुल गांधी जनता की आवाज बने हुए है और कांग्रेस विकल्प बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हम भी हरियाणा में कांग्रेस संदेश यात्रा लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को गरीब, दलित, पिछड़ा वर्ग, किसान, मजदूर, युवा वर्ग महिलाओं को कर्मचारियों की पीडाएं महसूस नहीं होती, सरकार एससी वर्ग के छात्रों का वजीफा तक नहीं दे पा रही है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का नारा देने वाली सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है ताकि गरीब का बच्चा न पढ़ सके, क्योंकि गरीब का बच्चा ही सरकारी स्कूलों में पढ़ने जाता है, सरकार प्राइवेट संस्थानों को बढावा दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नौकरियां देने के नाम पर सबसे बड़ा घोटाला हुआ, जब नियुक्ति पत्र देने की बात आती है तो सरकार अपने ही किसी व्यक्ति को कोर्ट भेजकर रोक लगवा देते है। सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। यह सरकार धोखेबाज सरकार है जुमलेबाज सरकार है इससे बचकर रहना है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई चुनाव आता है है तो भाजपा को धर्म याद आने लगता है। उसने जनता के बारे में कभी नहीं सोचा। राम सब में है और राम सबके है राम का नाम लेने के लिए किसी को भाजपा या आरएसएस से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं हैं। भाजपा देश को धर्म और जाति के नाम पर बांट रही है। पिछले दस सालों में देश में कही पर भी विकास नहीं हुआ अगर विकास हुआ है तो केवल और केवल अंबानी और अडानी का। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार तो जनता के साथ पोर्टल-पोर्टल का खेल खेल रही है, जनता भटक रही है पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। कभी प्रॉपर्टी आईडी तो कभी परिवार पहचान पत्र के नाम पर गुमराह किया जा रहा है, पोर्टल भ्रष्टाचार को बढावा देने का जरिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदलाव आएगा, हम दस की दस लोकसभा सीटें जीतेंगे और विधानसभा चुनाव भी जीतकर सरकार बनाएंगे।

**धर्म के नाम पर देश को गुमराह कर रही है भाजपा: रणदीप सुरजेवाला**

इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे भारी जन समर्थन को देखकर भाजपा बौखला गई है और औछे हथकंडे अपनाकर इस यात्रा को रोकना चाहती है पर राहुल गांधी की यह यात्रा रुकने वाली नहीं है और न ही हम रूकने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है, धर्म के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

**सरकार ने दस साल में जो भी बोला झूठ ही बोला: किरण चौधरी**

पूर्व मंत्री एवं विधायक किरण चौधरी ने कहा कि भाजपा दस साल से देश पर राज रही है पर इस सरकार ने जो भी बोला केवल झूठ ही बोला। किसान की आय दुगनी करने की बात करते थे पर आज देश में सबसे ज्यादा दुर्दशा किसान की ओर रही है। गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे है, चुनाव को लेकर चंद लोगों को उज्जवला के नाम पर 450-500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जा रहे है, बाकी का क्या कसूर है, आयुष्मान कार्ड तो बनाकर दे दिए पर लाभ किसको मिल रहा है, प्राइवेट अस्पताल वाली कार्ड को नकार रहे है, तो बीमारी है वह कार्ड के दायरे से बाहर है। हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था दस साल में क्या 20 करोड़ युवाओं को नौकरी दी। इस सरकार के कार्यकाल में राजस्व घोटाला, शराब घोटाला, धान घोटाला, एसएफओ घोटाला और न जाने कितने घोटाले हुए पर जांच के नाम पर सब दबा दिए गए। मनरेगा में ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल रहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था सबसे ज्यादा खराब है।


# एफपीओ और फसल बीमा योजनाओ के नाम पर किसानों से धोखा करके बड़े घोटालों को दिया अंजाम : हुड्डा

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** बीजेपी-जेजेपी सरकार घोटालेबाजों के संरक्षक की तरह काम कर रही है। एफपीओ और फसल बीमा योजनाओ के नाम पर किसानों से धोखा करके बड़े घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है। एफपीओ के नाम पर किसानों के साथ हुआ सैकड़ों करोड़ का घोटाला इसका ताजा उदाहरण है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एफपीओ घोटाले पर टिप्पणी करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि पहले धान व बाजार खरीद, फिर फसल बीमा और मुआवजे के नाम पर किसानों से सैकड़ों करोड़ की लूट हुई। उसके बाद अब सरकार के एक और घोटाले का खुलासा हुआ है। किसानों के करोड़ों रुपए हड़पने के लिए फर्जी किसानों के नाम पर फर्जी एफपीओ बनाए गए। जिन रूपयों का इस्तेमाल किसानों के उत्थान के लिए होना चाहिए था, वह सीधे घोटालेबाजों की जेब में गया। ड्रिप सिंचाई पर सरकार की तरफ से मिलने वाली 85% तक सबसिडी भी किसानों को देने की बजाय घोटालेबाजों ने डकार ली।

किसानों को ना इक्विटी ग्रांट मिली और ना ही सबसिडी। पूरे प्रदेश में इतने बड़े स्तर पर घोटाला हुआ कि मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया। लेकिन केंद्र सरकार को भी गुमराह करने के लिए बीजेपी-जेजेपी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। सीआईडी की जांच के नाम पर पूरे घोटाले पर लीपा-पोती की गई व गुनहगारों को बचाया गया। खुद केंद्र सरकार को प्रदेश सरकार की जांच पर भरोसा नहीं हुआ और उसने पूरे मामले की जांच सीबीआई से करवाने के लिए कहा।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इससे पहले गठबंधन सरकार हर सीजन में किसानों को फसल बीमा योजना के नाम पर ठगती आ रही है। पीएम फसल बीमा योजना के जरिए किसानों को लूटकर निजी बीमा कंपनियों का खजाना भरा जा रहा है। संसद में खुद केंद्र सरकार ने जुलाई महीने में बताया था कि पिछले 7 साल में निजी बीमा कंपनियों ने पूरे देश में 1,97,657 करोड़ बीमा प्रीमियम वसूला। इसके बदले में कंपनियों ने 1,40,036 करोड़ का ही मुआवजा दिया। यानी उन्हें कुल 57,000 करोड़ का तगड़ा मुनाफ़ा हुआ। हरियाणा में वर्ष 2022-



23 में AIC कंपनी ने 703.84 करोड़ रुपये प्रीमियम लिया। लेकिन सिर्फ 7.46 करोड़ रुपये का ही मुआवजा दिया। यानी 99 प्रतिशत राशि कंपनी की तिजोरी में गई।

इस बार तो प्रदेश के सात जिलों के करीब 3 लाख किसानों की फसल का बीमा ही नहीं किया गया। बीमा करने की समय सीमा भी 31 दिसंबर को पूरी हो चुकी है। किसानों को रामभरोसे छोड़ दिया गया है । क्लस्टर-2 के अंबाला, करनाल, सोनीपत, हिसार, जींद, महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम जिले के किसान बीमा से वंचित रह गए है। ऐसे में सरसों, गेहूं, जौ और सूरजमुखी की फसल को अगर कोई नुकसान होता है तो उसकी भरपाई करने वाला कोई नहीं होगा। पिछली बार खरीफ की फसल के लिए भी इस क्लस्टर के लिए कोई बीमा कंपनी थी ही नहीं। जबकि जुलाई 2023 तक करीब 2 लाख किसानों के खातों से प्रीमियम की राशि काट ली गई थी।

हुड्डा ने बताया कि उनको किसानों ने मुआवजा आवंटन में भेदभाव की भी शिकायत की है। किसानों का कहना है कि सरकार अपने चहेते चंद किसानों को तो मुआवजा दिलवा देती है, जबकि ज्यादातर किसान एजेंसी और सरकार का मुंह ताकते रह जाते हैं। इस पूरे मामले की भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही सरकार को अपने स्तर पर कलस्टर-2 के किसानों का मुआयना करके बीमा करना चाहिए और अबतक बकाया सारे मुआवजे का तुरंत भुगतान करना चाहिए।

# उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने उजीना की बेटी फ्लाइट लेफ्टिनेंट वर्षा छौक्कर को दी बधाई

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बुधवार को भारतीय वायु सेना में कार्यरत जिला नहूं के गांव उजीना की बेटी फ्लाइट लेफ्टिनेंट वर्षा छौक्कर जो आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में भूतपूर्व सैनिकों की झांकी को लीड करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सलामी देंगी, को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला नूंह के बच्चे कई क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रहे हैं, जोकि जिला के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। यहां के बच्चों को ऐसे होनहार बच्चों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, खेल जैसे अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर यहां बच्चे मेहनत करेंगे, खासकर बेटियां तो वे भी उच्च पदों पर आसीन होकर देश सेवा के लिए कार्य कर सकेंगे, इसलिए बच्चों को खूब मेहनत से शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर वर्षा छौक्कर को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। बता दें कि गणतंत्र दिवस समारोह में फ्लाइट लेफ्टिनेंट वर्षा छौक्कर भूतपूर्व सैनिकों की झांकी को लीड करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सलामी देंगी। इस उपलब्धि से उनके पिता अशोक छौक्कर व परिजन सहित गांव उजीना व जिला नूंह के लोग काफी खुश हैं।



# आफताब ने मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण, मरीजों से मिले

## निदेशक व डाक्टरों संग बैठक कर सुधार के लिए कहा

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बुधवार को शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नलहड के हालातों का जायजा लेने के लिए स्थानीय विधायक व हरियाणा कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद पहुंचे। विधायक आफताब अहमद सीधे आपातकालीन वार्ड पहुंचे जहां उन्होंने हालात का जायजा लेते हुए मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत कर समस्याओं को सुना। आफताब अहमद नवजात शिशु विभाग पहुंचे जहां उन्होंने महिलाओं व उनके परिजनों से बातचीत कर वहाँ के हालातों का जायजा लिया। इसके अलावा विधायक अन्य वार्डों में भी गए और हालात देखे। अपना निरीक्षण करने व मरीजों से बातचीत के बाद विधायक आफताब अहमद डाक्टरों से मिले और उसके पश्चात उन्होंने निदेशक डॉ मुकेश संग बैठक कर सुधार के लिए विस्तृत चर्चा की।




विधायक ने निदेशक से कहा कि मरीजों के बेहतर इलाज की दिशा में सार्थक कदम उठाए जाएं, एक्स रे, अल्ट्रा साउंड जैसी सुविधाओं के आभाव को सुधारा जाये, दवाइयों व जरूरी चीजों का आभाव ना हो, पूरे डाक्टरों व स्टाफ को नियुक्त किया जाए। आफताब अहमद ने जोर देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज को रेफरल अस्पताल नहीं बनने देना है ब्लकि रेफर तभी किया जाए जब अति आवश्यक हो अन्यथा यहीं अच्छा उपचार मरीजों को दिया जाए। इस दौरान डाक्टरों की टीम गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करने पर भी चर्चा हुई जहां हाल ही में कैंसर जैसे काफी मामले संज्ञान में आये थे। विधायक ने कहा कि लोगों को जागरूक करने का कार्य लगातार होते रहना चाहिए।

अपने औचक निरीक्षण के बाद विधायक आफताब अहमद ने पत्रकारों से कहा कि जिला उपायुक्त से लेकर चंडीगढ़ में बैठे अधिकारियों, विधानसभा में भी वो लगातार मेडिकल कॉलेज के मामलों को उठा रहे हैं। बीते साल मेडिकल कॉलेज में भी बड़ा धरना-प्रदर्शन किया गया था ताकि यहां स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो। बीजेपी जजपा सरकार इस मेडिकल कॉलेज को सुधरना नहीं ब्लकि बदतर बनाने की दिशा में काम कर रही है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि उनकी कॉंग्रेस सरकार ने इस मेडिकल कॉलेज को इसलिए बनाया था ताकि यहां के लोगों की सेहत का ख्याल रखा जा सके, गरीब जरूरतमंदों को अच्छा इलाज मिल सके लेकिन 2014 में सत्ता परिवर्तन के पश्चात बीजेपी सरकार से इस मेडिकल कॉलेज को निराशा ही हाथ लगी है। इस दौरान विधायक के साथ मरीजों के परिजन व स्थानीय जिम्मेदार लोग मौजूद थे।

# फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाईल लगाकर रुपए मांगने वालों से सावधान : पुलिस अधीक्षक

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पुलिस अधीक्षक नूंह ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया है कि आजकल साइबर ठग किसी परिचित जानकर की फर्जी प्रोफाईल लगाकर फर्जी वाट्सएप नंबर से उधार रुपयों की मांग करके ठगी को अंजाम दें रहे है । उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की वित्तीय या आनलाईन धोखाधड़ी होने पर 1930 पर काल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं । इसके अतिरिक्त अपनी शिकायत साइबर क्राईम थाना या आपके संबंधित थाने में स्थापित साइबर हेल्पडेस्क पर शिकायत दें ।

**ऐसे होती है साइबर ठगी :**

साइबर ठग इंटरनेट की दुनिया में सक्रिय रहते हैं । वे लगातार नए मौकों की तलाश में रहते हैं । कई बार व्हट्सएप पर आपके परिचित की तस्वीर लगा कर साइबर अपराधी आपको मैसेज भेजते हैं और यह बताते हैं कि वह किसी जरूरी मीटिंग में है और उन्हें कुछ पैसे की जरूरत है । वह मीटिंग में बात नहीं कर पाएंगे, इसलिए उनके अकाउंट में ही में पैसे डाल दें। इस दौरान वे यह भी बताते हैं कि यह नंबर भी उन्हीं का है, चुंकि प्रोफाइल फोटो में आपके परिचित की तस्वीर रहती है तो आप आनन-फानन में पैसे डाल देते हैं। कई बार लोग स्कैन कोड का इस्तेमाल कर कंप्यूटर पर वाट्सएप का प्रयोग करते हैं । इस दौरान जब कंप्यूटर छोड़कर बाहर जाते हैं तब भी स्कैन कोड को एक्टिव छोड़ देते हैं। वही स्कैन कोड साइबर अपराधियों के हाथ लगने के बाद वे अपराधियों का शिकार हो जाते हैं । इससे बचना जरूरी है ।



**इन बातों का ध्यान रखने से बच सकते हैं ठगी से :**

1. आपके किसी परिचित का प्रोफाइल फोटो लगाकर अगर आपसे कोई पैसे की डिमांड करता है तो आप तुरंत सतर्क हो जाइए क्योंकि कोई भी व्यक्ति संकट के समय मैसेज भेज कर मदद नहीं मांगेगा ।

2. वाट्सएप के सेटिंग में कई सुरक्षा की प्रणालियां है, उन सभी को गौर से पढ़ें और उन्हीं सभी सेटिंग को अपने वाट्सएप में लागू करें ।

3. वाट्सएप पर अपने प्रोफाइल फोटो को सुरक्षित करके रखें ताकि उसे कोई चुरा ना सके या फिर जो लोग आपके फोन लिस्ट में हैं, वही सिर्फ आपका प्रोफाइल फोटो देख सकें ।

4. आपका वाट्सएप अकाउंट हैक हुआ है तो आपको तुरंत ही अपना वाट्सएप रिसेट करना है । इसके बाद आपको व्हट्सएप में दोबारा पहले जैसे ही लागिन करना पड़ेगा, उसके बाद आपके अकाउंट पर ओटीपी आएगा और अपराधी द्वारा हैक किया हुआ अकाउंट लाग आउट हो जाएगा । यह आपको जल्द से जल्द करना है । सबसे पहले आपको यह ध्यान रखना है कि वाट्सएप बिना आपकी अनुमति कोई भी ओटीपी नहीं भेजता है । ऐसा कोई भी ओटीपी आता है तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए ।

5. वाट्सएप पर जालसाज आपके करीबी बनकर ही आपसे लूट कर सकते हैं । आपसे कोई भी करीबी बनकर मदद मांग रहा है तो सबसे पहले उसे काल कीजिए और किसी भी ओटीपी की जानकारी नहीं दीजिए । आपको सेफ्टी को बढ़ाने के लिए टू-फैक्टर आथेंटिकेशन विकल्प ऑन करना चाहिए । ऐसे में हैकर्स को रोका जा सकता है ।

## सुरक्षित ट्रैक पर ही फिजिकल रेस / शारीरिक एक्सरसाइज करें युवा

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

नूंह। पुलिस अधीक्षक नूंह ने कहा कि आजकल अधिकतर नौजवान लड़के सेना/पुलिस में जाने के लिए फिजिकल रेस की तैयारी राष्ट्रीय राजमार्ग/ एक्सप्रेसवे या मुख्य सड़कों पर करते हैं इसके अतिरिक्त अधिकतर लोग अपने शरीर को फिट रखने के लिए रेस/ दौड़-भाग भी सड़कों पर ही करते हैं जो ऐसा करके वह अपनी जान को जोखिम में डालते हैं क्योंकि आज मृत्यु के अधिकतर मामलें सड़क दुर्घटना से जुड़े हुए हैं । अक्सर यह खबर प्रकाशित होती है कि युवा सड़क पर रेस लगाते समय वाहन की चपेट में आ गया । उन्होंने कहा कि युवा परिवार की नींव होते हैं थोड़ी सी लापरवाही उनके व उनके परिवार की पूरी हंसती खेलती जिंदगी को बर्बाद कर देती है। आगे युवा वर्ग को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें फिजिकल रेस की तैयारी व फिटनेस के लिए सुरक्षित एवं उपयुक्त ट्रैक पर ही करनी चाहिए ना कि केमपी, राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मुख्य सड़कों पर। जिला पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना कर आप अपने व अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाएं। इसके अतिरिक्त हैवी वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपने वाहन निर्धारित लाइन में ही चलाएं अन्यथा उनके खिलाफ नूंह पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि यातायात नियमों की पूरी तरह से पालना कर अपने जीवन को सुरक्षित बनाए तथा नूंह पुलिस का सहयोग करें।

# उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण

## उपायुक्त ने ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बुधवार को जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय ध्वजारोहण करने के बाद मार्च पास्ट की ली। इससे पहले उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने शहीदी स्मारक पर जाकर देशी के वीर शहीदों को नमन किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की तैयारियों को देखा और संबंधित अधिकारियों व स्कूल इंचार्ज को निर्देश दिए कि 26 जनवरी को सभी तैयारियां व जरूरी प्रबंध समयबद्ध तैयार होने चाहिए। आज के कार्यक्रम में जो कमियां हैं, उन्हें दूर किया जाए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट की टुकड़ियों की तैयारी बेहतर रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर साफ-सफाई, पानी व बिजली सहित सभी जरूरी प्रबंध समयबद्ध किए जाएं। सभी विभाग व अधिकारी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को गंभीरता से लें।

उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय विद्युत एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्यातिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे व मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इसी प्रकार उपमंडल फिरोजपुर झिरका में उपमंडलस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में होडल के विधायक जगदीश नायर, उपमंडल पुन्हाना में जिला परिषद नूंह के चेयरमैन जान मोहम्मद तथा उपमंडल तावडू में जिला परिषद महेंद्रगढ़ के चेयरमैन डा. राकेश कुमार मुख्यातिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि 26 जनवरी को प्रात: 9.55 पर मुख्य अतिथि समारोह स्थल पर पहुंचेंगे व प्रात: 9.58 बजे ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर राजकीय कन्या वरि. मा. विद्यालय उजीना, कंट्री ग्रामर स्कूल नूंह, बहुतकनीकी संस्थान मालब, राजकीय एसएसएस नूंह, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह, डीएवी पर्बलिक स्कूल नूंह, मदर्स प्राइड स्कूल नूंह के विद्यार्थी देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे तथा विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलबधियों से संबंधित आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

परेड में हरियाणा महिला पुलिस बल, हरियाणा पुलिस बल, गृहरक्षी बल, व विभिन्न स्कूलों की एनसीसी, प्रजातंत्र के प्रहरी व बैंड की टुकड़ियां भाग लेंगी। इस अवसर पर एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, नगराधीश गजेंद्र ङ्क्षसह, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़, एफएलएन संयोजक कुसुम मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपसथित थे।

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्रीय विद्युत एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर होंगे मुख्यातिथि

# मुख्यमंत्री ने जिला नूंह की 12.79 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाण के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को जिला नूंह को करीब 12 करोड़ 79 लाख रुपये से अधिक राशि की तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन कर सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उपमंडल तावडू की अनाजमंडी में विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में विधायक सोहना कंवर संजय सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपसथित हुए और उन्होंने मौके पर मुख्यमंत्री के आह्वान पर जनस्वास्थ्य विभाग की 8 करोड़ 57 लाख रुपए की पेयजल आपूर्ति के विस्तारीकरण परियोजना व 3 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से तावडू के बाहरी क्षेत्र में सीवरेज प्रणाली का उद्घाटन किया। इसी प्रकार उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की गांव गुलालता में बनी वैटनरी डिस्पेंसरी के भवन का उद्घाटन किया। विधायक संजय सिंह ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जिला नूंह के विकास के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। आज हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री सबका साथ सबका विकास की भावना से कार्य करते हुए प्रदेश में समान विकास करवा रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम तावडू संजीव कुमार भी उपसथित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से हजारों को मिल रहा लाभ : राजेश नागर

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने गांव पलवली में भारत संकल्प विकास यात्रा में पहुंचे और उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह जनता को तमाम सरकारी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश करें। विधायक राजेश नागर ने लोगों से कहा कि वह अपने विभिन्न विभागों से संबंधित काम यहां करवाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर बेहतर करने की गारंटी दी है। वास्तव में यह पीएम मोदी की गारंटी है। नागर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने को लेकर अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं और अंत्योदय की भावना से लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं।



उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के जरिये लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। इस अवसर पर लोगों को 'हमारा संकल्प-विकसित भारत' की शपथ भी दिलवाई गई। विधायक नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा प्रदेश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। नागर ने बताया कि देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है, हमें अपने बच्चों को अच्छी संस्कारित शिक्षा देकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाना है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इतना ही नहीं देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवा पीढ़ी अच्छी शिक्षा लेकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। इस दौरान राकेश शर्मा, खेड़ी मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, कंवरलाल शर्मा, राजकुमार आर्य, अमर दत्त शर्मा, विकास चौकीदार, एडवोकेट नीरज शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भंडारे का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** अयोध्या में श्री राम लाल की मूर्ति स्थापना के अवसर पर फरीदाबाद सथित 7-10 मार्केट में मंगलम ज्वेलर्स के बाहर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उक्त मार्केट प्रधान वासुदेव अरोड़ा ने अपने हाथों से लोगों को प्रसाद लंगर वितरित किया और कहा कि आज भारतवर्ष के लिए एक ऐतिहासिक दिन है जब 500 वर्षों के उपरांत यह सुंदर लम्हें हमें देखने को मिल रहे हैं जहां श्री राम मंदिर मैं श्री राम लाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। श्री अरोड़ा ने कहा कि भारत वासियों के लिए यह ऐतिहासिक पल है जो की स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे । इस मौके पर शिवकुमार, देवेंद्र सिंह, महेंद्र मंगला, विनोद सहगल,हरीश गोरा, अरिंदम बाबा सहित सैकड़ो लोग प्रसाद वितरण में शामिल रहे।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321 ए द्वारा परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिर्स्ट्रिक 321 ए-1 के सभी लायन साथियों के साथ जे बी नॉलेज पार्क मंझावली मे एक पिकनिक और परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें सभी लायन्स फैमिली ने भाग लेकर प्रोग्राम का आनंद लिया इसमें क्रिकेट मैच भी रखा गया जिसमें जिला ए-3 और जिला ए-1 की टीम का मैच हुआ जिसमें डिर्स्ट्रिक ए-1 की टीम विजय घोषित हुई, कैप्टन टी एस बेदी व उनकी टीम को सम्मानित किया गया ट्रॉफी दी गई। मुख्य रूप से पिकनिक के अंदर सभी लायन साथियों के साथ डिर्स्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप सिंघल, मल्टीपल ऑफिसर अनिल अरोड़ा, पूर्व गवर्नर तेजपाल खिल्लन, इंटरनेशनल डायरेक्टर के एम गोयल, एनके गुप्ता उप गवर्नर, ओनकार, रेणु, एमएल अरोड़ा, नरगिस गुप्ता, आर के चिलाना, राजेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल, जयदीप कत्याल, मुकेश अरोड़ा, आर के जग्गी, आर पी ओझा, अशोक अरोड़ा, जे एम मल्होत्रा, लोकनाथ कलर आदि लोगों ने हिस्सा लिया। मल्टीपल ऑफिसर अनिल अरोड़ा ने डिर्स्ट्रिक ए-1 और डिर्स्ट्रिक ए-3 से आए सभी मेहमानों का स्वागत और धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से भाईचारा बढ़ता है। उन्होनें कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल डिर्स्ट्रिक 321ए एक पूरा परिवार है जो समय समय पर देशसेवा और समाजसेवा के कार्यो में बढ़ चढकर भाग लेता है। उन्होनें कहा कि लायंस क्लब विश्व का सबसे बड़ा विशाल एनजीओ है जो किसी भी प्रकार का अनुदान सरकार से नहीं लेता है। इस क्लब के लाखों सदस्य है जो पूरी दुनिया में फैले हुए है वही सब मिलकर योगदान करते है और समाजसेवा करते है।



# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दी फरीदाबाद जिला में विडियो कांफ्रेंस के जरिए 270 करोड़ रुपये की धनराशि की विकास परियोजनाओं की सौगात

**कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने किया मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का किया आभार व्यक्त :-**

**सीएम मनोहर लाल ने 7 विकास कार्यों का उद्घाटन व 8 का शिलान्यास करने सहित कुल 15 परियोजनाएं शामिल**




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज बुधवार को जिला फरीदाबाद के लिए लाइव वीडियो के माध्यम से कुल 15 परियोजनाओं में 7 का उद्घाटन व 8 शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने किया मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन सेक्टर-12, लघु सचिवालय के बैठक कक्ष कमरा नंबर 603 में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे और साथ ही विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद प्रशासक श्रीमती गरिमा मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

वर्चुअल कार्यक्रम के बाद हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज फरीदाबाद सहित हरियाणा को 2034 करोड़ रुपये की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। इनमें मुख्य रूप से सबसे ज्यादा धनराशि के विकास परियोजनाओं में 270 करोड़ रुपये की धनराशि विभिन्न विकास परियोजनाएं रही हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला की 270 करोड़ रुपये की धनराशि की परियोजनाओं का मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 7 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिनमें बडखल झील पर 2092 लाख, वेंटो नाइट ट्रीटमेंट प्लांट पर 190 लाख, मल्टीग्रेटिड पार्किंग पर 1673, बराही तालाब का नवीनीकरण पर 1059 लाख, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव पर 485 लाख, आरएमसी रोड गुरुग्राम कैनाल पर 1100 लाख और 66 केवी सब स्टेशन सेक्टर-37 पर 1650 लाख की धनराशि खर्च कर पूरा किया गया है।

वहीं शिलान्यास परियोजनाओं में एफएमडीए के 51 करोड़ 48 लाख रुपये की धनराशि के तीन रैनीवैल, 2750 लाख रुपये की धनराशि के सूरज कुण्ड और 1320 लाख रुपये की धनराशि के ग्रीन फील्ड कॉलोनी में एक-एक 66 केवी सबस्टेशन, 1700 लाख रूपये की धनराशी का राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में 500 सीटों का ऑडिटोरियम तथा टीचिंग ब्लाक का निर्माण, 1600 लाख रुपये की धनराशी का बल्लभगढ़-तिगांव- मंझावली रोड, 2280 लाख रुपये की धनराशि से सेक्टर-16 में व्यवसायिक कम्लैक्स और 504 लाख रुपये की धनराशि से फतेहपुर चंदीला गांव फरीदाबाद ओल्ड में चौपाल रोड, हाई मास्क लाइटिंग और गार्डनिंग के कार्य शामिल हैं।

# 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह की हेलीपैड ग्राउंड में हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने 75 वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में आज बुधवार को ध्वजारोहण किया व परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। आपको बता दें आज अंतिम रिहर्सल में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। गणतंत्र समारोह की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा होंगे। डीसी विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय समारोह के फाइनल रिहर्सल के दौरान सुबह 9:58 पर ध्वजारोहण किया।

उन्होंने ध्वजारोहण के बाद एसीपी मोनिका के साथ खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। डीसी विक्रम सिंह ने आज बुधवार को 75 वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए स्थानीय सेक्टर-12 के हेलीपैड ग्राउंड में संपन्न हुई फुल ड्रेस रिहर्सल में ध्वजारोहण किया व परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए गए। 26 जनवरी को बड़खल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने वाले 75 वें उपमण्डल स्तरीय समारोह में विधायक सीमा त्रिखा और बल्लभगढ़ में पलवल के विधायक दीपक मंगला बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।



गौरतलब है कि सेक्टर-12, हेलीपैड ग्राउंड में परेड में शामिल सभी टुकडिय़ां भव्य मार्च पास्ट में शामिल हुई तथा मुख्य मंच के सामने से गुजरते हुए डीसी विक्रम सिंह को सलामी दी।

परेड कमाण्डर एसीपी मोनिका के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी (पुरुष), हरियाणा पुलिस टुकड़ी (महिला), हरियाणा होमगार्ड टुकड़ी, एनसीसी सीनियर आर्मी की टुकड़ी, एनसीसी सीनियर आईटीआई की टुकड़ी, एनसीसी जूनियर नेवई डिवीज़न विंग टुकड़ी, रेड क्रॉस ब्रिगेड टुकड़ी, भारतीय स्काउट टुकड़ी, भारत गर्ल्स गाइड्स की टुकड़ी, एसपीसी एनआईटी-5 की टुकड़ी, हरियाणा नेवल यूनिट, हिंदुस्तान गाइड्स, एनएसएस ओल्ड फरीदाबाद, और प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट में भाग लिया गया। समारोह में देशभक्ति व देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत गीतों पर राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर-2 की छात्राओं ने मेरे घर राम आए है गेट पर, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओल्ड के विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत जय हो तथा राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी गीत मैं सू हरियाणे की छोड़ी गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। फाइल रिहर्सल का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ। इस अवसर पर एडीसी आनंद शर्मा, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, सीटीएम हरिराम, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, डीआईपीआरओ राकेश गौतम व पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया होनहार छात्राओं को सम्मानित

## बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान पर करवाए गए कॉम्पिटिशन

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसी श्री विक्रम सिंह, द्वस् के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत काल में बालिका दिवस फरीदाबाद में हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी NIT-1 में जिला स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मंजू श्योराण, महिला एवं बाल विकास विभाग अध्यक्षता में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया सीएसआर/ CSR जरिये आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम में अर्जुन अवार्डी श्रीमती नेहा राठी, इन्चार्ज/ incharge दुर्गा शक्ति एप/App ने स्कूल की किशोरियों को आत्म-रक्षा के गुण सिखाये एवं लड़कियों को खेल कूद करने बारे प्रोत्साहित किया गया। वहीं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ष्टस्क्रसे श्रीमती रंजना टंडन, विनोद कुमार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती मंजू श्योरान द्वारा स्कूल में पढ़ रही किशोरियों को 450 मासिक धर्म स्वच्छता किट जिसका लक्ष्य मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना, मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ना और मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में मासिक धर्म के समय पर लिए जाने वाले पोषण व साफ़ सफाई के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू श्योरन ने कार्यक्रम में आने के लिए सभी स्वागत करके आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया गया। वहीं पीओसीएसओ/ POCSO की



जानकारी देते हुए बतौर वक्ता गरिमा तोमर, बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी बच्चों को पोस्को एक्ट POCSO Act, 2012 के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा गुड-टच, बैड-टच बारे अवगत करवाया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी वितरित किये गए। साथ ही जिन छात्राओं ने दसवीं व बारहवीं में पढाई में अव्वल स्थान पाया है उन्हें और जिन छात्राओं ने खेलों में अच्छा स्थान प्राप्त किया है, उन्हें भी पुरस्कार दिए गए। सभी किशोरियों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ के ब्रोशेर, पम्फ्लेट्स तथा कप वितरित किये गए। कार्यक्रम में पौधारोपण भी किया गया।

**क्यों मनाया जाता है राष्ट्रीय बालिका दिवसः**

राष्ट्रीय बालिका दिवस का मकसद समाज में बेटियों को लेकर हो रहे भेदभाव को दूर करना और उन्हें बराबरी का दर्जा दिलाना है। ये दिन बेटियों को उनकी शक्ति, सामर्थ्य के साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का दिन है। हर साल 24 जनवरी का दिन भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस (National Girl Child Day) के रूप में मनाया जाता है। बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करके समाज में उन्हें विकास के लिए समान अवसर के साथ सम्मान दिलाने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। भारत में जेंडर को लेकर भेदभाव नई बात नहीं है, बल्कि सदियों से चली आ रही है। आइए जानते हैं कि कब और क्यों हुई थी राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत। साथ ही इस साल बालिका दिवस किस टीम के साथ मनाया जा रहा है। बता दें कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य बाल लिंग अनुपात की छवि (सीएसआर) में गिरावट के मुद्दे को संबोधित करना और यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित एक राष्ट्रीय पहल शुरू की गई थी। शुरुआत में इसने देश भर के 100 जिलों में बहु-क्षेत्रीय कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित किया। जहां सीएसआर कम था। भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत साल 2008 में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से की गई थी। क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा था कि एक महिला देश की प्रधानमंत्री बन गई थी, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव था। मिली जानकारी के अनुसार 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गांधी ने महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इसलिए 24 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**कहा, 5 करोड़ 68 लाख की लागत से पथवारी माता के मंदिर का काम करें जल्द से जल्द शुरू**

**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर एसडीएम कार्यालय में नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों के साथ आज विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बल्लबगढ़ के लघु सचिवालय में आयोजित इस बैठक में परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के द्वारा की गई घोषणा के तहत चल रहे कार्यों को गति देने और समय पर पूरा करने व अभी तक शुरू न होने वाले कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की पथवारी माता मंदिर के जीर्णोद्धार जोकि लगभग 5 करोड़ 68 लाख की लागत से होना है उसे भी जल्द से जल्द शुरू करने के लिए निगम के अधिकारियों को कहा है। अधिकारियों ने इस पर कहा की पथवारी मंदिर जीर्णोद्धार की टेंडर प्रक्रिया जल्द ही पूरी होने वाली है उसके बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने की कहा कि मुजेसर गांव में महाभारत काल से जुड़े धार्मिक तालाब बाबा हिर्देराम के जीर्णोद्धार कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने के बारे में दिशा निर्देश दिए।

**ये महानुभाव रहे बैठक में उपस्थितः**

इस बैठक में बल्लबगढ़ एसडीएम त्रिलोक चंद, जॉइंट कमिश्नर एमसीएफ करण भदौरिया, चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कर्दम, एक्सईएन ओपी कर्दम, एससी ओमबीर सिंह भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य पारस जैन सहित निगम के जेई और एसडीओ मौजूद रहे।

# जिला में आज मनाया जाएगा 14वां 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' : डीसी विक्रम सिंह

**'वोट जैसा कुछ नहीं- वोट जरूर डालेंगे हम' है नेशनल वोटर डे की थीम**

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गुरुवार 25 जनवरी 2024 को 'वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम' थीम पर जिला में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश हरिराम ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम शहर के राजकीय नेहरू महाविद्यालय परिसर में मनाया जाएगा। नगराधीश ने बताया कि 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला के मतदाताओं व विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधित शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन



जिला के विद्यालयों, महाविद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरक हेतु 'वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम' विषय पर विभिन्न गतिविधियां जैसे-निबंध, वाद-विवाद, प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष की माताजी की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा में केंद्र, प्रदेश व जिले से गणमान्य लोग हुए शामिल



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एडवोकेट राकेश शर्मा की माता जी की रस्म पगड़ी व श्रद्धांजली सभा आज उनके नसीबपुर स्थित निवास स्थान पर रखी गई। जिसमें जिला, प्रदेश व केंद्र से अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर या अपनी संवेदनाओं के द्वारा स्वर्गीय रत्ना देवी जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री ओमप्रकाश यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत प्रचार प्रमुख हेमराज, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की सदस्य श्रीमती ज्योति बैंदा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जी एल शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा अजय बंसल, नांगल चौधरी से विधायक डॉ अभय सिंह यादव, अटेली से विधायक सीताराम यादव, पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक बहादुरगढ़ नरेश कौशिक, पूर्व विधायक अटेली नरेश यादव, विजयपाल आहलूवालिया, एसपी गुप्ता रिटायर्ड आईएएस, श्रीमती कमलेश सैनी चेयरपर्सन नगर परिषद जजपा जिला प्रधान डॉ मनीष शर्मा, मनीष मित्तल पूर्व प्रदेश सचिव भाजपा एवं संयोजक गुरुग्राम लोकसभा, श्रीमती भारती सैनी, जेपी सैनी, राव होशियार सिंह इनेलो, सुरेंद्र नंबरदार, गोविंद भारद्वाज, शिव कुमार मेहता, किशन चौधरी आदि पहुंचे।

इस अवसर पर देश व प्रदेश से अनेक नेताओं व संगठनों की तरफ से शोक संदेश भी पहुंचे। जिनमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ सुधा यादव, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी, बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, हरियाणा सरकार में योजना बोर्ड के अध्यक्ष सुभाष बराला, हुकम सिंह भाटी व आदित्य देवीलाल, पूर्व मंत्री हरियाणा कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व प्रांत कार्यवाह देव प्रसाद भारद्वाज, असम व त्रिपुरा में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री रविंद्र राजू, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, कामधेनु गोधाम एवं आरोग्य संस्थान, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, जिला बार एसोसिएशन नारनौल, गौड सभा नारनौल, अमित यादव रेवाड़ी, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, एल्यूमिनी एसोसिएशन गवर्नमेंट कॉलेज नारनौल, महाराजा अग्रसेन क्लब नारनौल, नर नारायण सेवा समिति, प्रगतिशील शिक्षण ट्रस्ट, द्वारा अग्रवाल समाज द्वारका, नूनीवाल गॉड ब्राह्मण सभा, भारती पब्लिक स्कूल, श्री एसएस जैन सभा, सुरेश चंद्र चौधरी, अशोक सोमानी आदि प्रमुख रहे।

# श्री श्याम बाबा का जागरण सम्पन्न

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**



**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति नारनौल श्री श्याम बाबा का जागरण 23 जनवरी मंगलवार रात्रि श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान मे मोहल्ला गस्तीवाड़ा मे श्याम बाबा का जागरण मंडल प्रधान श्री बांके बिहारी भगवान की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर अविनाश अग्रवाल द्वारा बाबा का भव्य दरबार रंग बिरंगे फूलों एवं लाइटों से सजाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। आचार्य शशि कांत शर्मा ने मुख्य यजमान भीमसैन गर्ग तारामनी देवी से परिवार सहित मंत्रोचार से बाबा की पवित्र ज्योति प्रज्वलित करवाई गई साहिल म्यूजिकल ग्रुप के संगीतकार सतीश राणा ने गणेश वंदना करते कार्यक्रम का शुभारंभ किया उसके बाद संतोष सैनी ने तोड़ गई गढ़ लंका लंका लगाकर बाजी जानकी जय बोलो हनुमान की जय बोलो, विकास जांगिड़ ने श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरे अरदास लाया हूं, सुमित्रा सैन ने थारी जय हो पवन कुमार वारी जाऊं बालाजी, संजय शर्मा ने धमाल सुना कर भगतो को नाचने पर विवश कर दिया। गौरव सिंघल ने लूट रहा लूट रहा रे बाबा का खजाना लूट रहा रे, योगेंद्र वर्मा ने डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा वंश अग्रवाल ने श्याम बाबा तेरे पास आया हु चरणों में अरदास लाया हु, दिनेश सैनी ने बाबा तेरे ही नाम से मेरा परिवार चलता है , मुरारी शर्मा तू कृपा कर बाबा । अंत में श्री बांके बिहारी द्वारा यजमान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस जागरण में अविनाश अग्रवाल, श्याम सुंदर बंसल, योगेंद्र वर्मा, नवरत्न शर्मा, संजय अग्रवाल, वंश अग्रवाल, एडवोकेट आशु अग्रवाल, दिनेश सैनी, गणिका अग्रवाल, गर्वित, शिव कुमार मित्तल, गौरव सिंघल, दिनेश सैनी, विकास गर्ग, आकाश गर्ग, राकेश गर्ग, राजेश गोयल आदि सैकड़ों भगत काफी संख्या में उपस्थित थे। रात 11.15 यजमान द्वारा आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

## संपादकीय

# कनाडा ने स्टूडेंट वीजा में की कटौती

कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने विदेशी स्टूडेंट्स को दिए जाने वाले वीजा में कटौती करने का जो फैसला किया है, वह भारतीय युवाओं को खास तौर पर प्रभावित करने वाला है। हालांकि इसके पीछे घरेलू वजहें हैं और यह कदम भी फिलहाल दो वर्षों के ही लिए उठाया गया है। कनाडा सरकार कह रही है कि 2025 में इस पर पुनर्विचार करेगी।

**आवास संकट का साया :** कनाडा पिछले कुछ समय से जबर्दस्त आवास संकट से जूझ रहा है। वहां कई वजहों से घरों के निर्माण की गति सुस्त पड़ी, जिससे मांग के मुताबिक घरों की उपलब्धता कम पड़ गई। सस्ता आवास उपलब्ध कराने में नाकामी वहां एक बड़ा मुद्दा बन गया है, जो प्रधानमंत्री ट्रूडो की लोकप्रियता में गिरावट का कारण बन रहा है। विपक्षी दलों ने भी इसे मुद्दा बना लिया, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ता गया।

**विदेशी छात्रों पर ठीकरा :** इस संकट से जुड़ा एक पहलू वहां की इमिग्रेशन पॉलिसी है। कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में विदेशी छात्रों के आने से डिमांड और सप्लाई का अनुपात गड़बड़ा रहा है। इन छात्रों की वजह से आवास की मांग बढ़ रही है और इसकी कीमतों के और चढ़ने के हालात बन रहे हैं। हालांकि कनाडा की इकॉनमी के लिहाज से भी ये अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स खासे अहम माने जाते रहे हैं।

**भारत से रिश्तों में तनाव :** भारत-कनाडा के बीच रिश्ते भी फिलहाल अच्छे दौर से नहीं गुजर रहे। ट्रूडो द्वारा खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप सार्वजनिक रूप से भारत पर लगाए जाने के बाद रिश्ते स्वाभाविक ही खासे तनावपूर्ण हो गए। कनाडा अभी तक उन आरोपों के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाया है। दूसरी तरफ भारत की पहले से यह शिकायत रही है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों को भारत विरोधी गतिविधियों की पूरी छूट मिली हुई है।

**भारतीय छात्रों के लिए झटका :** दोनों देशों के बीच पीपल टु पीपल कनेक्ट काफी पहले से और बेहद मजबूत रहा है। कूटनीतिक स्तर पर आए तनाव का उस पर तत्काल कोई असर नहीं पड़ने वाला। वहां जाने वाले इंटरनैशनल स्टूडेंट्स में सबसे बड़ा हिस्सा भारतीय छात्रों का है। 2022 के आंकड़े देखें तो वहां के विदेशी छात्रों में भारतीयों का अनुपात 41 फीसदी था। ताजा अनुमानों के मुताबिक, 2023 में भी 3,00,000 भारतीय छात्र कनाडा गए थे।

**पॉजिटिव रहे नजरिया :** जाहिर है, कनाडा में पढ़ाई करके करियर बनाने का सपना देख रहे भारतीय युवाओं के लिए यह कोई अच्छी खबर नहीं है। यह इस बात का उदाहरण है कि सरकारों के बीच रिश्तों के मुकाबले दो देशों के बीच का रिश्ता ज्यादा स्थिर और ज्यादा दीर्घकालिक होता है। उम्मीद की जाए कि यह तात्कालिक संकट दोनों देशों में आपसी रिश्तों की गहराई का अहसास कराते हुए इन्हें पॉजिटिव बनाए रखने की भावना मजबूत करेगा।

# उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 2024 को भव्य रूप से मनाने के मद्देनजर की गई फुल ड्रैस रिहर्सल

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** स्थानीय अनाज मंडी में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2024 को भव्य रूप से मनाने के मद्देनजर सभी कार्यक्रमों की फुल ड्रैस रिहर्सल हथीन के उपमंडल अधिकारी नागरिक लक्ष्मी नारायण के मार्गदर्शन में बुधवार को आयोजित की गई। फुल ड्रैस रिहर्सल में उपमंडल अधिकारी नागरिक लक्ष्मीनारायण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। फुल ड्रैस रिहर्सल में हरियाणा पुलिस तथा स्कूली विद्यार्थियों की टुकडि़यों ने मार्च-पास्ट किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां दी। उपमंडल अधिकारी नागरिक लक्ष्मी नारायण ने बताया कि 26 जनवरी 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में तिगांव के विधायक राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बुराका, शहीद नायक राजेंद्र सिंह राजकीय मॉडल सिनियर सैकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टैगोर पबलिक स्कूल, सहरावत सिनियर सैकेंडरी स्कूल हथीन, सर्वानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल हथीन द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गईं। इसी कड़ी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीन की छात्राओं ने राष्ट्रीयगान की भव्य प्रस्तुति दी। इस मौके पर डीएसपी सुरेश भडाना, खंड शिक्षा अधिकारी सागिर अहमद, मंच संचालक राजाराम, बिजेंद्र डागर, पुलिस विभाग के अधिकारीगण सहित स्कूलों के अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर हथीन में विधायक राजेश नागर फहराएंगे तिरंगा: डॉ अंशु

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**






**हथीन।** पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने जानकारी देते हुये बतलाया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जिला में राष्ट्रीय पर्व-गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को जिला स्तर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल व सब डिविजनल स्तर पर हथीन अनाज मंडी में और होडल में राजकीय मॉडल संस्कृति बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल होडल में मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल में संदीप सिंह प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी मंत्री हरियाणा सरकार व अनाज मंडी हथीन में राजेश नागर विधायक तिगांव और राजकीय मॉडल संस्कृति बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल होडल में नरेन्द्र गुप्ता विधायक ओल्ड फरीदाबाद राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला में गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट कर दिया गया है। जिले में कानून व्यवस्था एंव शांति की दृष्टि से अलग-अलग जगह 14 नाके स्थापित किये गये हैं। कडी सुरक्षा को लेकर लगायें पुलिस नाकों के द्वारा सदिग्धों पर नजर रखी जा रही है और आनें जानें वालें सदिंग्ध व्यक्ति वाहनों को चैक किया जा रहा है। सभी थाना प्रबंधकों द्वारा अपनें-2 क्षेत्र में असामाजिक तत्वो पर निगरानी रखनें हेतु भीड-भाड इलाकों में गस्त पडताल करने के निर्देश जारी किए गए हैं और इसके अलावा उन्हें निर्देशित किया गया कि अगर कोई सदिग्ध पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाये। इसके साथ ही सभी थाना व सभी क्राईम युनिट द्वारा भी इलाको में स्थित होटल, धर्मशालाओ व बाजारों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि को बारीकी से चैक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नें कहा कि बिना नंबर वाले वाहनों की भी लगातार चेकिंग के निर्देश दिए हुए हैं ताकि किसी प्रकार की कोई असमाजिक गतिविधि उत्पन्न ना हों। समारोह स्थल में व्यापक तौर पर प्रबंध करते हुये चारों तरफ दंगा निरोधक यंत्रो सहित जवान तैनात किये गये है। पबलिक इन्ट्री गेट पर मैटल डोर डिटेक्टर लगाये गये हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

**असामाजिक तत्वों के बारे में सूचना देने की अपील :** पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि किसी संदिग्ध व्यक्ति बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने का पता चलता है तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को तुरंत दे। और इसके अलावा कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व भीड़-भाड़ वाली जगहों पर कोई लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो उसे न छुए क्योंकि इसमें कोई बम या विस्फोटक पदार्थ हो सकता है। ऐसी लावारिस वस्तुओं के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें। ताकि समय रहते अप्रिय घटना होने से बचा जा सके।

# पर्वतमाला परियोजना के तहत 1.25 लाख करोड़ की लागत से 200 से अधिक परियोजनाओं की पहचान की गई : नितिन गडकरी

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**




**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा है कि राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम, पर्वतमाला परियोजना के तहत आने वाले पांच वर्षों में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत से 200 से अधिक परियोजनाएं चिह्नित की गई हैं।

आज नई दिल्ली में 'रोपवे: संगोष्ठी-सह-प्रदर्शनी' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता समग्र परियोजना लागत को कम करके रोपवे को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना और देश में रोपवे नेटवर्क विकसित करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन को सुविधाजनक बनाने के अलावा, रोपवे शहरी सार्वजनिक परिवहन में भी बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा से समझौता किए बिना स्वदेशी और लागत प्रभावी समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रोपवे में देश में पर्यटन और रोजगार सृजन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की अपार संभावनाएं हैं। श्री गडकरी ने कहा कि भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सपने को हासिल करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था 5वें स्थान पर है और हमारा लक्ष्य तीसरे स्थान पर पहुंचना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समयबद्ध, लागत-कुशल, गुणात्मक और सतत बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 'विश्व स्तरीय' बुनियादी ढांचे का निर्माण नागरिकों के 'जीवनयापन में आसानी' और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करता है। श्री गडकरी ने कहा कि प्राथमिकता मौजूदा नीतियों और कोडों का मानकीकरण लाना और मेक इन इंडिया पहल के तहत रोपवे घटकों के विनिर्माण को प्रोत्साहित करके रोपवे उद्योग में बदलाव लाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्वतमाला परियोजना के तहत रोपवे के विकास के लिए अधिक निजी हितधारकों को आकर्षित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के तहत प्रदान की गई 40 प्रतिशत सहायता की तुलना में हाइब्रिड वार्षिकी मोड (रोपवे के लिए एचएएम) के तहत 60 प्रतिशत निर्माण सहायता प्रदान की जाती है। संगोष्ठी में निवेशकों को अपने संबोधन में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव, श्री अनुराग जैन ने कहा, बुनियादी ढाँचे का विकास सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन की बेहतर गुणवत्ता से संबंधित है। भारत सरकार ने विभिन्न पहल की हैं जिससे न केवल सरकारी विभागों में कामकाज सुव्यवस्थित हुआ है बल्कि देश में 'व्यवसाय करने में आसानी' भी बढ़ी है। यह भारत में निवेश करने का सही समय है क्योंकि निकट भविष्य में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।

'भारत में बुनियादी ढांचा विकास' विषय पर दर्शकों को संबोधित करते हुए, एनएचएआई के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार यादव ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं के विकास के बारे में विवरण साझा किया और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके गुणक प्रभाव पर प्रकाश डाला। 'संगोष्ठी-सह-प्रदर्शनी' का उद्देश्य विभिन्न भारतीय और वैश्विक निर्माताओं, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, रियायत ग्राहियों और बुनियादी ढांचा डेवलपर्स के बीच उद्योग सहयोग को सक्षम करना था। इस आयोजन ने 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने और रोपवे घटकों के स्थानीयकरण के लिए एक रोडमैप विकसित करने के लिए उद्योग विचार-विमर्श के लिए एक साझा मंच भी प्रदान किया। भारत में रोपवे उद्योग परिदृश्य में सुधार और सार्वजनिक निजी भागीदारी को बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षित और किफायती रोपवे सिस्टम के निर्माण पर उद्योग विशेषज्ञों के साथ विभिन्न पैनल चर्चाएं भी आयोजित की गईं।

दिन का मुख्य आकर्षण दो रोपवे परियोजनाएं- हिमाचल प्रदेश में बिजली महादेव रोपवे परियोजना और हरियाणा में धोसी हिल रोपवे परियोजना थीं। इस दिन रोपवे और अन्य नवीन वैकल्पिक गतिशीलता प्रणालियों के लिए उत्कृष्टता केंद्र बनाने के लिए एनएचएलएमएल और आईआईटी रुड़की के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सार्वजनिक सुविधा में सुधार के लिए सड़क किनारे सुविधाओं को बढ़ावा देने पर भी एक सत्र आयोजित किया गया। इसके अलावा, प्रदर्शनी में हवाई गतिशीलता इकोसिस्टम में भारतीय और वैश्विक रोपवे उपकरण निर्माताओं द्वारा अत्याधुनिक रोपवे प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। दिन भर चली 'संगोष्ठी-सह-प्रदर्शनी' ने महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की और नीतियों के विकास के लिए क्षेत्रों की पहचान करने में मदद की जो स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने एवं रोपवे प्रौद्योगिकी की क्षमता को बढ़ाने में काफी मदद करेगी। संगोष्ठी में राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत परिवहन के सुरक्षित, लागत प्रभावी और टिकाऊ मोड के विकास को सक्षम करके भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में रोपवे की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया गया।

# दिल्ली से कन्याकुमारी तक मोटरसाइकिल रैली

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से कन्याकुमारी तक एक मोटरसाइकिल रैली शुरू हो रही है जिसका आयोजन सिद्ध कल्याण रैली और जागरूकता अभियान (एसडब्ल्यूआरएसी) के अंतर्गत किया जा रहा है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई ने आयुष भवन से झंडी दिखा कर इस रैली को रवाना करेंगे। यह चिकित्सा की सिद्ध प्रणाली को लेकर एक 20-दिवसीय अभियान है, जिसमें नई दिल्ली से कन्याकुमारी तक लगभग 3333 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इस रैली के दौरान, 21 जागरूकता शिविर बिंदुओं को छूने का प्रयास किया जाएगा, और साथ ही 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। कार्यक्रम में जागरूकता कार्यक्रम, जन प्रतिनिधियों, सरकारी गणमान्य व्यक्तियों के साथ मुलाकातें और अभिवादन सत्र भी शामिल होंगे। इसमें 20 मोटरसाइकिल चालक और 2 स्टैंडबाय मोटरसाइकिल चालक भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान की निदेशक डॉ. मीनकुमारी ने कहा कि इस मोटर साइकिल रैली का उद्देश्य सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के संदेश को बढ़ावा देते हुए मार्ग में 21 स्थानों पर विविध दर्शकों को शामिल करना है। बाइकर्स हैशटैग ScientistsOnBike DoctorsOnBike FacultiesOnBike ResearchersOnBike के साथ गतिशील सिद्ध चिकित्सा राजदूत के रूप में काम करेंगे।



एसडब्ल्यूआरएसी में यह सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक मीडिया रणनीति सम्मिलित है कि इसे व्यापक ध्यान मिले, यह विविध दर्शकों के साथ जुड़ सके और जिस भी क्षेत्र में यह जाए वहां एक स्थायी प्रभाव छोड़े। चिकित्सा की सिद्ध प्रणाली भारतीय उपमहाद्वीप में नवीन चिकित्सीय हस्तक्षेपों और उपचार के तौर-तरीकों के साथ स्वास्थ्य देखभाल की सबसे पुरानी संहिताबद्ध परंपराओं में से एक है। इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त आयुष प्रणालियों के हिस्से के रूप में राज्य संरक्षण प्राप्त है और यह सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के माध्यम से जनसंख्या के काफी बड़े हिस्से की आवश्यकताओं को पूरा करता है। सिद्ध प्रणाली में शिक्षा और प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान और दवाओं के निर्माण के लिए एक बढ़ता संस्थागत नेटवर्क है। सिद्ध के लिए राष्ट्रीय संस्थान और अनुसंधान परिषद की स्थापना ने स्नातकोत्तर शिक्षा और अनुसंधान में गुणवत्ता मानकों, दवाओं के मानकीकरण और सत्यापन, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में बेहतर पहुंच और सिद्ध चिकित्सकों की विविध व्यावसायिक क्षमता को अपनाकर विकास प्रक्रिया को गति दी है। सिद्ध चिकित्सा की विशिष्टता इसके समग्र दृष्टिकोण में निहित है - सरल जीवनशैली प्रथाओं को अपनाकर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण, छह स्वादों के लिए प्रासंगिक आहार नियम, सुरक्षित और प्रभावी पौधों पर आधारित दवाओं और खनिजों की दवाओं का उपयोग और पशु उत्पतति। सिद्ध प्रणाली रोग मुक्त जीवन जीने के लिए 3 महत्वपूर्ण शक्तियों - वली, अज़ल और अय्याम के संतुलन की स्थिति पर बल देती है। सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के अनुसार, किसी व्यक्ति के जीवन काल को 3 भागों में विभाजित किया गया है, अर्थात वाथ कालम, पीठ कालम और काबा कालम, जिनमें से प्रत्येक में 33 वर्ष होते हैं। मुप्पु, सिद्ध काया कर्पम और सिद्ध योगम सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के मुकुट हैं। वर्मम और थोक्कनम जैसी बाहरी थेरेपी भी प्रणाली को शक्ति प्रदान करती हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सिद्ध चिकित्सा का मूल सिद्धांत भोजन और जीवन शैली है। भोजन ही औषधि है और औषधि ही भोजन है यह सिद्ध चिकित्सा पद्धति के मूल सिद्धांतों में से एक है।

# सीएम ने जैंदापुर में 66 केवी के पावर हाउस निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## 24 करोड़ रुपए की आएगी लागत- विधायक प्रवीण डागर




**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज हरियाणा प्रदेश में लगभग 2400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें हथीन विधानसभा क्षेत्र के भुडेर पाल के केन्द्र बिन्दु जैंदापुर में 66 केवी के पावर हाउस निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिस पर लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

इस अवसर पर विधायक हथीन प्रवीण डागर गांव जैनदापुर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की और रीबन काटकर 66 केवी बिजली घर के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक प्रवीण डागर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान मैंने अपने भुडेर के गांवों जैनदापुर, चांदपुर, कलवाका, दहलाका, पारोली, टहरकी, किशोरपुर, सयारोली, मदंपुरी व डुंगरपुर के लोगों से वादा किया था कि वर्षों पुरानी आपकी बिजली की समस्या को जड़ से खत्म कर दूंगा और मैंने वर्ष 2021 में उटावड़ गांव में बिजली मंत्री चौधरी रणजीत चौटाला की जनसभा में हथीन विधानसभा क्षेत्र में उटावड़ और जैनदापुर में लगभग 70 करोड़ की लागत से बनने वाले 66 केवी के दो पावर हाउस मंजूर करायें। आज जैंदापुर पावर हाउस का कार्य शुरू किया गया है जो लाईन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है और फाउंडेशन का कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भुडेर क्षेत्र के किसान व गांव इसका लाभ उठाने लगेंगे व उटावड़ पावर हाउस का भी जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा तथा बहीन गांव के पावर हाउस को 33 केवी से 66 केवी अपग्रेड की घोषणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद कार्यक्रम में की उसको भी जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

इस अवसर जैनदापुर, चांदपुर, कलवाका, दहलाका, पारोली, किशोरपुर, टहरकी, सयारोली, मदंपुरी व डुंगरपुर व धतीर के लोगों को बधाई देता हूं वहीं इस इलाके की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का धन्यवाद करता हूं। आज हथीन का बिजली, पानी, सड़क व शिक्षा के क्षेत्र चहुंमुखी विकास हो रहा है इसे आने वाले समय में और आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक हथीन के साथ गांव जैंदापुर सरपंच पदम सिंह, सरपंच करमचंद किशोरपुर, दहलाका पूर्व सरपंच परमवीर, चांदपुर सरपंच, जीतू सयारोली, दादा धर्म पंच, अभियंता बिजली बोर्ड, देशरत्न एसडीओ व आसपास के गांवों के मौजिजान मौजूद रहे।

# 75 वें गणतंत्र दिवस परेड के लिए 1500 से अधिक किसानों को किया आमंत्रित



**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से महत्वपूर्ण अतिथियों को सम्मानित करने का आयोजन किया है। सरकार ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने भी इस मौके पर विशेष कदम उठाए हैं। उन्होंने 1500 से अधिक किसानों को इस परेड के लिए आमंत्रित किया है, जो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए, 25 जनवरी, 2024 को किसानों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एआईएफ, एम एंड टी, राष्ट्रीय बीज सहयोग और प्रति बूंद अधिक फसल जैसी सरकारी पहलों पर विस्तार से बताया जाएगा। यह समर्थन और प्रशिक्षण का मौका होगा ताकि किसान अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें और उन्हें सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाने में मदद मिले। इस रूप में, गणतंत्र दिवस का उत्सव सभी क्षेत्रों के लिए समृद्धि और समृद्धि की ऊँचाई की ओर एक कदम होगा।

26 जनवरी, 2024 को, विशेष आमंत्रित लोग कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखेंगे। परेड के बाद, किसान केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा की गरिमामयी उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम के लिए सुब्रमण्यम हॉल, पूसा में एकत्र होंगे, जो किसानों को उनकी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें समर्थन देने की सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आभार व्यक्त करेंगे। संबोधन के बाद, किसानों को मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक फोटो सत्र का अवसर मिलेगा और दोपहर के भोजन के साथ दिन का समापन होगा। यह उत्सव कृषि समुदाय के अथक प्रयासों को पहचानने और सराहना करने, विकास के प्रति कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एमओए एंड एफडब्ल्यू) के समर्पण को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया है।

## रेवाडी पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला रेवाडी पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन ने सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों और थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश जारी किए है। रेवाड़ी, बावल व कोसली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए भी पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। विभिन्न चौराहों और भीड़ भाड़वाले स्थानों पर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई हैं। जिला रेवाड़ी पुलिस ने बम डिस्पोजल व सीआईडी टीम के साथ मिलकर आमजन की सुरक्षा को देखते हुए शहर के मुख्य स्थानों रेलवे स्टेशन, मॉल, तेल डिपो, बस अड्डा के आसपास गहनता से कॉमबिंग व सर्चिंग अभियान चलाया हुआ है। जिला रेवाड़ी पुलिस ने भीड़-भाड़ वाली जगह व बस स्टैंड पर यात्रियों को लावारिस वस्तुओं को नहीं छूने की अपील की है। यदि इन स्थानों पर कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई देती है तो इसकी सुचना नजदीकी थाना या डायल 112 नंबर पर दें। जिला रेवाड़ी में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस नाके लगाए गए हैं तथा राइडर व पीसीआर द्वारा गश्त की जा रही है। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आमजन की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए 25. जनवरी समय शाम 05:00 से 26 जनवरी समय दोपहर 01:30 तक गुरुग्राम, दिल्ली जाने वाले भारी माल वाहक, वाणिज्य वाहनों के जाने पर रोक लगाई गई है। जिला पुलिस ने सभी भारी माल वाहक, वाणिज्य वाहन चालकों से अपील की है की वह 26 जनवरी को दोपहर 01:30 तक एनएच-48 (दिल्ली-जयपुर हाइवे) का प्रयोग करके गुरुग्राम-दिल्ली की तरफ यात्रा करने से परहेज करें तथा अधिक आवश्यकता होने पर एनएच-352 (झज्जर-रोहतक हाइवे) का प्रयोग करें। जिला पुलिस द्वारा जयपुर से दिल्ली, गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहनों को एनएच-48 (दिल्ली-जयपुर हाइवे) से एनएच-352 (झज्जर-रोहतक हाइवे) पर संगवाड़ी से डाइवर्ट किया गया है। इसलिए दिल्ली एवं गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहन एनएच-352 (झज्जर-रोहतक हाइवे) का प्रयोग करें या दूसरे अन्य वैकलपिक रास्तों का प्रयोग करें।

## प्रधानमंत्री आज न्यू खुर्जा से न्यू रेवाड़ी के बीच विद्युतीकरण डबल लाइन सेक्शन राष्ट्र को करेंगे समर्पित: राव इंद्रजीत सिंह

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार 25 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर न्यू खुर्जा से न्यू रेवाड़ी के मध्य निर्मित विद्युतीकृत डबल लाइन सेक्शन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वे रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के स्वागत के लिए मौजूद रहेंगे। इस मौके पर सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय रेल हरियाणा में रेल बुनियादी ढांचे को बेहतर और उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में हरियाणा में 35,993 करोड़ रुपए से अधिक राशि के 1,052 रेल सम्बंधित कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे की ओर से वर्ष 2023-24 के बजट में हरियाणा को 2,247 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन प्रदान किया गया है।

## रेवाड़ी के जादूसाना-ब्लॉक में रामलला की भव्य शोभा यात्रा



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्त्वावधान में जिला रेवाड़ी के जाटूसाना ब्लॉक में कल एक भव्य शोभा-यात्रा आयोजित की गई। राष्ट्रीय बजरंग दल के ब्लॉक अध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शोभा यात्रा में समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष शिवकुमार चांदन सिया ने बताया कि 500 साल की लंबे प्रतिष्ठा और अनंत बलिदान व संघर्ष के बाद आज यह उत्सव आया है। हम सब बड़े भाग्यशाली हैं जो श्री रामलला के विग्रह की स्थापना अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में होता देख रहे हैं। संगठन की तरफ से राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष शिव कुमार चांदनवासिया सहित सुनील सरपंच, नवदीप मेजर, शमशेर यादव, अंकित, रविन्द्र, ईश्वर प्रधान इत्यादि के संचालन में चांदनवास से अन्य गाँवों में होते हुए शिवानधाम कांकरवाली पहुँची।

### विकसित भारत जन संकल्प यात्रा

# वंचितों को घर द्वार पर सेवा देना सरकार का ध्येय : ओमप्रकाश यादव

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बुधवार को नारनौल शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 लोगों के लिए बहादुर सिंह तालाब के नजदीक जैन धर्मशाला में तथा वार्ड नंबर 20 के लोगों के लिए मोहल्ला चौधरीयान गोड ब्राह्मण सभा में, वार्ड नंबर 26 के लोगों के लिए मोहल्ला नई सराय राजकीय मिडिल स्कूल में तथा वार्ड नंबर 16 के लोगों के लिए पुरानी मंडी किशोरी लाल स्कूल में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। नारनौल शहरी क्षेत्र के जैन धर्मशाला, मोहल्ला चौधरीयान, मोहल्ला नई सराय के राजकीय मिडिल स्कूल तथा पुरानी मंडी किशोरी लाल स्कूल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में उन नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया है जिनको इन योजनाओं के बारे में पता ही नहीं था। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं से वंचित है उसे इस यात्रा के माध्यम से घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं से लाभानवित किया जाए।



उन्होंने कहा कि सरकार शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को निरंतर धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा गया। श्री यादव ने कहा कि सबका साथ सबका विकास को ध्यान में रखते हुए बिना किसी भेदभाव के राज्य के हर क्षेत्र व हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया है। उन्होंने कहा कि किशोरी लाल स्कूल में आज 200 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए हैं। अब ये लोग 5 लाख रुपए तक का पैनल अस्पतालों में मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। इससे गरीब नागरिकों को बहुत फायदा मिल रहा है। पहले गरीब आदमी की पैसे की कमी के कारण इलाज न होने से बहुत से लोगों की मृत्यु हो जाती थी।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी : कैप्टन अजय

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने बावल विधानसभा के गांव बांस दूधा, नांगल जमालपुर, ढाणी शोभा, ढाणी कोलाना और ढाणी राधा में जनसंपर्क किया। इस दौरान कैप्टन अजय सिंह यादव ने कांग्रेस की नीतियों के बारे में लोगों से अवगत कराया और कांग्रेस की सरकार बनने पर संकल्प पत्र के बारे में जानकारी दी और जनता के बीच जाकर महंगाई, बेरोजागरी, अपराध और महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा जाएगा। श्री यादव ने बताया भाजपा ने राजस्थान में सरकार बनते ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया



है और पुरानी पेंशन स्कीम बंद कर दी है। इस तरह से मोदी की गारंटी एक के बाद एक खत्म होती जा रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी ने वायदा किया है कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी, गैस सिलेंडर 500 में दिया जाएगा, 200 बिजली की यूनिट फ्री दी जाएगी, कौशल रोजगार निगम बंद करके युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी, किसानों को उनकी लागत का उचित मूल्य दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर एम्स भी बनवाया जाएगा और बावल के रुके हुए बाकी सभी कार्य पूरे किए जाएंगे।

कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा सामाजिक न्याय के पुरोधा, जननायक स्व० कर्पूरी ठाकुर जी ने सामाजिक न्याय के लिए न सिर्फ़ निरंतर संघर्ष किया बल्कि इस दिशा में निर्णायक भूमिका भी निभाई। वे संप्रदायिकता एवं संकीर्ण मानसिकता के धुर विरोधी थे। उनको मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का हम स्वागत करते हैं। इससे समानता एवं सद्भाव जैसे भावों को ताक़त मिलेगी। उनका मानना था कि सामाजिक न्याय के बिना देश में विकास अधूरा है इसलिए वो जातिगत जनगणना के पक्षधर थे जिसका भारतीय जनता पार्टी विरोध करती है। कांग्रेस पार्टी, न्याय के पाँच स्तंभों को लेकर देश में आगे बढ़ रही है। उसमें से एक, 'भागीदारी न्याय', जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सरकार ने कोई बाधा उत्पन्न नहीं की थी। लेकिन इस बार न्याय की इस लड़ाई में अन्यायी शक्तियां बाधा पैदा कर रही हैं। असम की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, जिस कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजों को हरा दिया, जो उनकी तोप से नहीं डरी वे बैरिकेड से क्या डरेंगे? न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जो बाधा पैदा कर रहे हैं, वो न्याय द्रोही है। इस मौके पर उनके साथ नीलम भगवाडिया, टिल्लू चेयरमैन, विजयकुंड बैरियर, विक्रम गोठड़ा, धर्मवीर मुंडनवास इत्यादि मौजूद रहे।

# जिला को मिली 176 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की 'मनोहर' सौगात

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार से विडियो कांफ्रेंसिंग से किया रेवाड़ी की 8 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

### जिला स्तरीय समारोह में जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल की रही गरिमामयी उपस्थिति।

### डीसी राहुल हुड्डा ने की समारोह की अध्यक्षता






**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को 'संकल्प से परिणाम वर्ष' में जिला हिसार से रेवाड़ी जिला को करीब 176 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों की 'मनोहर' सौगात दी। मुख्यमंत्री ने हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुडक़र रेवाड़ी जिला की 8 जनहितैषी विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय उद्घाटन एवं शिलान्यास समरोह का रेवाड़ी लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए जबकि कोसली से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा.अरविंद यादव, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, परिवार पहचान पत्र के स्टेट कॉरडिनेटर सतीश खोला व सुनील मुसेपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता डीसी राहुल हुड्डा ने की।

हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन रेवाड़ी जिला के लिए विकास योजनाओं की 'मनोहर' सौगात लेकर आया है। आज जिला को करीब 176 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की सौगात मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कर कमलों से मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी व ऊर्जावान नेतृत्व में दक्षिणी हरियाणा को पूरा मान-सम्मान मिला है। मनोहर सरकार के करीब साढ़े 9 साल के कार्यकाल में दक्षिणी हरियाणा के अंतिम छोर तक पानी पहुंचा है।

सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए हरियाणा प्रदेशवासियों को पर्ची-खर्ची, क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाई भतीजावाद, असमान विकास, भ्रष्टाचार की बेडिय़ों से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक के नारे को चरितार्थ किया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार से वर्चुअल माध्यम से रेवाड़ी जिला की 1 परियोजना की अधारशिला रखी व 7 योजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें रेवाड़ी शहर के फाटक नंबर 3 व 59 पर 86 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले रेलवे ओवरब्रिज की आधारशिला रखने सहित रेवाड़ी के कुंड-खोल-मंदौला मार्ग पर 42.7 करोड़ रुपए की लागत से करीब 19 किलोमीटर सडक़ व 46.19 करोड़ की लागत से रेवाड़ी शहांजापुर रोड का उद्घाटन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से डा.बनवारी लाल की उपस्थिति में पशुपालन विभाग की ओर से गांव गुरावड़ा में 34.76 करोड़ की लागत से, गांव निमोठ में 32.88 करोड़ रुपए की लागत से, गांव औलांत में 32.88 करोड़ की लागत से, गांव बवाना गुर्जर में 31.68 करोड़ की लागत से तथा गांव दड़ौली में 31.68 करोड़ की लागत से नवनिर्मित पशु चिकित्सालय भवनों का उद्घाटन किया।

# एसपी व एडीसी ने फुल ड्रेस रिहर्सल में परखी गणतंत्र दिवस की तैयारियां

### केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला मुख्यालय स्थित राव तुलाराम स्टेडियम में शुक्रवार 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर एसपी दीपक सहारन व एडीसी स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल ने बुधवार को राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल में गणतंत्र दिवस की तैयारियां परखी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के इंचार्ज सहित परेड इंचार्ज व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फुल ड्रेस रिहर्सल में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट सहित अन्य गतिविधियों का शानदार प्रदर्शन किया।एसपी दीपक सहारन व एडीसी स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल ने फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभारी प्रवक्ता डा. ज्योत्सना यादव व पूनम यादव की देखरेख में प्रतिभागियों की ओर से किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट सहित अन्य गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए टीम इंचार्ज को आवश्यक



दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी गणतंत्र दिवस से पूर्व अपनी-अपनी गतिविधियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें ताकि समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन गरिमामयी ढंग से किया जा सके। एडीसी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत सहित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद होंगे। बुधवार को उपमंडल बावल में एसडीएम बावल डा. जितेंद्र सिंह व उपमंडल कोसली में एसडीएम कोसली जयप्रकाश की अध्यक्षता में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल के दौरान डीईओ नसीब सिंह, डीईईओ वीरेंद्र नारा, बीईओ सतपाल धूपिया सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। समारोह में मंच संचालन प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहडिय़ा द्वारा किया जाएगा।

रेवाड़ी जिला मुख्यालय सहित उपमंडल कोसली व बावल में भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस बार रेवाड़ी जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, उपमंडल बावल में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक नांगल चौधरी डा. अभय सिंह यादव तथा उपमंडल कोसली में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने उपरांत परेड का निरीक्षण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे।

# छात्राओं ने किया बाल भवन की गतिविधियों का भ्रमण

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** चम्पा देवी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली की लगभग 100 छात्राओं ने आज वोकेशनल ट्रेनर ब्यूटी एंड बैलेंस रेखा कुमारी व कम्प्यूटर टीचर वसुंधरा यादव के नेतृत्व में बाल भवन में चलाई जा रही गतिविधियों से ज्ञानवर्धन के लिए भ्रमण किया।



जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, लिपिक एवं तीरन्दाजी प्रशिक्षक सुरेन्द्र शर्मा ने सभी स्कूली छात्राओं को परिषद द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने छात्राओं से इन गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।

सर्वप्रथम छात्राओं ने साईंस म्यूजियम में रूची दिखाते हुए भिन्न-भिन्न साईंस मॉडल का अवलोकन किया तथा उनके बारे में विस्तार से जाना। इसके बाद ई-लाईब्रेरी एवं डिजिटल लैंग्वेज लैब में छात्राओं से उनकी शिक्षा से संबंधित प्रश्न पुछे गए तथा लाईब्रेरी में प्राप्त हो रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र की कक्षा में छात्राओं को कम्प्यूटर के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए सिखाए जा रहे कोर्स के बारे में बताया। इसके बाद सिलाई कटाई एवं कढाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं हेयर एंड स्किन केयर प्रशिक्षण केन्द्र छात्राओं को स्वरोजगार शुरू करने अथवा रोजगार प्राप्त करने के लिए इन केन्द्रों में सिखाए जाने वाले कोर्स बारे में बताया तथा अन्त में बाल भवन परिसर के खेल मैदान में चल रही तीरन्दाजी प्रशिक्षण कक्षा में तीरन्दाजी खेल के बारे में विस्तार से बताया तथा उनको तीरन्दाजी के साथ-साथ अपनी रूची अनुसार बाल भवन द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों व समय-समय पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा अपने क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अन्त में स्कूल से आए अध्यापकगणों ने बच्चों के लिए चलाई जा रही गतिविधियों की भरपुर सराहना की तथा अधिक से अधिक बच्चें इन गतिविधियों से लाभ उठाएगें, ऐसा बच्चों की तरफ से आश्वासन दिया ताकि इन बच्चों का उत्थान हो सकें जिससे उनकी समाज में अलग से पहचान बन सकें।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया स्मार्ट मोबाइल फोन के उपयोग का प्रशिक्षण



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नांगल चौधरी में आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट मोबाइल फोन के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया। जिला समन्वयक अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले हरियाणा सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए स्मार्ट मोबाइल फोन प्रदान किए गए थे। अब खंड स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट मोबाइल फोन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि काम करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन के संचालन से सम्बंधित तथा विभागीय कार्य जैसे पोषण ट्रैकर व क्रीड जैसी ऑनलाइन गतिविधियों के संचालन सम्बन्धी जानकारी दी जा रही है।

# पलवल में पति की गला दबाकर हत्या : पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा ; शराब पीने से परेशान थी पत्नी

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिले के रायदासका गांव में पशुओं की टीन शेड में सो रहे एक व्यक्ति की 12 दिसंबर को गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतक के भाई की अज्ञात हत्यारोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस डेढ़ माह से हत्या के मामले में जांच करने में जुटी हुई थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए कहा कि पत्नी ने ही पति के शराब पीने की आदत से परेशान होकर वारदात को अंजाम दिया है। सदर थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, 12 दिसंबर 2023 को रायदासका गांव निवासी कुलवीर ने शिकायत दी थी कि रात्रि के समय उसका छोटा भाई सुंदर सिंह पशुओं की टीन ने सो रहा था।



रात के करीब साढ़े 12 बजे सुंदर की पत्नी दरवाजे की आवाज सुनकर टीन की तरफ आई। देखा की सुंदर मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा था। उसने शोर मचाया तो वह और परिवार के अन्य लोग वहां पहुंच गए। सुंदर सिंह के सिर में गहरी चोट लगी हुई थी। और गले पर भी दबाने के निशान थे। आरोप था कि सुन्दर की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस जांच अधिकारी हरिओम की टीम ने जांच के दौरान मृतक की पत्नी ललता से पूछताछ की तो राज का पर्दाफ़ाश हुआ। पुलिस पूछताछ में मृतक सुंदर की पत्नी ललता ने बताया कि उसका पति अक्सर नशा करके उसके तथा उसके बच्चों के साथ मारपीट करता था। नशे में उसने घर के रुपए-पैसे भी खर्च कर दिए। जिसकी वजह से वह अपने पति से परेशान थी। घटना के दिन भी उसने शराब पीकर उसके साथ मारपीट की जिस पर उसने उसे मारने का इरादा बनाया और जब वह नशे में सो गया। तो उसने डंडा से उसके सिर पर कई वार किए और अपनी चुन्नी से उसके गले को दबा कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला से उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा व चुन्नी को बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेज दिया गया।

# बस चालक को आया अटैक परिचालक ने बस को रोककर यात्रियों की बचाई जान

## परिचालक ने चालक को अस्पताल में भर्ती करवाया और बचाई जान

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** चंडीगढ़ से पलवल आ रही हरियाणा रोडवेज की बस के ड्राइवर को चलती बस में अटैक आने से अफरा तफरी मच गई। बस परिचालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए चलती बस को संभाला। और बस को सुरक्षित साइड में लगा दिया। बस परिचालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने में टल गया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और ड्राइवर को स्थानीय अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पलवल डीआई लक्ष्मण सिंह ने सूचना मिलते ही दूसरे बस ड्राइवर को यात्रियों को लेने भेज दिया। फिलहाल ड्राइवर की हालत सामान्य बताई गई है।



हरियाणा रोडवेज पलवल बस डिपो के परिचालक नरेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार के रात करीब 11:30 बजे पलवल डिपो की बस सवारियों को लेकर चण्डीगढ़ से रवाना हुई थी और जैसे ही सुबह करीब 2:00 बजे घरौंडा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने ओवर ब्रिज पर पहुंची तो अचानक ही बस ड्राइवर प्रताप की तबियत बिगड़ गई है और देखते ही देखते हैं प्रताप चलती बस में ड्राइवर सीट पर ही बेहोश हो गया। परिचालक नरेंद्र ने बताया है वह उसके समीप ही परिचालक की सीट पर बैठा था और जैसे ही बस का संतुलन बिगड़ा और बस डिवाइडर पर चढ़ गई तो बस में बैठी सवारियों में अफरा तफरी मच गई। हादसे के समय करीब 20 सवारियां बस में मौजूद थी। परिचालक द्वारा सूझबूझ का परिचय देते हुए स्थिति को संभाला और प्रताप का हाल-चाल जानते हुए झट से बस का स्टेरिंग थाम लिया। और चलती बस को समान्य हालत मे लाते हुए बस सवारियों की मदद से प्रताप को ड्राइवर सीट से बाहर निकाला और तुरंत पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और बस को साइड में लगाकर बेहोश अवस्था में चालक प्रताप को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। ड्राइवर की हालत सामान्य बताई गई है ।बस में बैठी सवारियों को अन्य बस के माध्यम से गतन्वय तक पहुंचाया गया। पलवल बस डिपो के डीआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तुरंत दूसरे ड्राइवर को सहायता के लिए भेज दिया है।

# प्रेरणा उत्सव में एसडी विद्यालय का छात्र तनिष्क रहा प्रथम स्थान पर



**उत्सव में नयी शिक्षा नीति पर 9वीं से 12वीं तक के चयनित विद्यार्थी सप्ताहभर तक 9 विषयों पर देते हैं बुद्धिकौशल का परिचय**

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जवाहर नवोदय विद्यालय, करीरा में आयोजित प्रेरणा उत्सव में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के छात्र तनिष्क ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसे आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया है। इस समारोह में महेंद्रगढ जिले के 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उत्सव ''विकसित भारत के प्रति मेरा दृष्टिकोण'' थीम पर आधारित था। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धि कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि एसडी के छात्र तनिष्क ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने ''प्रेरणा एक अनुभवात्मक शिक्षण'' कार्यक्रम लॉच किया हैं जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आधारभूत संरचना है। जिसका लक्ष्य प्रतिभागियों को सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है। प्रेरणा उत्सव 9वीं से 12वीं कक्षा के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला एक आवासीय कार्यक्रम हैं। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से प्रत्येक सप्ताह 20 चयनित छात्रों का एक बैच कार्यक्रम में हिस्सा लेता है। जिसमें 10 छात्र व 10 छात्राएं शामिल हैं। इस उत्सव को 1888 से संचालित गुजरात के वर्नाक्यूलर स्कूल में चलाया जाएगा। प्रेरणा का पाठ्यक्रम आईआईटी, गांधीनगर द्वारा तैयार किया गया है जो 9 विषयों पर स्वाभिमान और विनय, शौर्य और साहस, परिश्रम और समर्पण, करूणा और सेवा, विविधता और एकता, सत्य निष्ठा और सुचिता, नवाचार और जिज्ञासा, श्रृद्धा और विश्वास एवं स्वतंत्रता और कर्तव्य पर आधारित है। जगदेव यादव ने बताया कि उपरोक्त विषयों पर आधारित कार्यक्रम युवाओं में जिज्ञासा पैदा कर प्रेरित करेगा। भारत की विविधता में एकता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने में सहयोगी होगा।

# मौसम की मार से पशुओं में दूध देने की क्षमता में आई 30-40 फीसदी की कमी



**गेहूं की फसल को मिला लाभ जबकि सरसों में बनी नुकसान की संभावन**

**पूर्व सीपीएस अनिता यादव ने सर्दी से बचने के लिए दुकानदारों के साथ सेका अलाव**

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सहित पूरे उत्तर भारत में पारा जमाव बिंदू की ओर बढ रहा है। जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दुधारू पशुओं की दूध देने की क्षमता में 30-40 फीसदी कमी महसूस की गई है। सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण गर्म एवं ऊनी कपडों में दुबके हुए हैं। पूर्व सीपीएस अनिता यादव ने भी सर्दी से बचाव के लिए दुकानदारों के पास बैठकर अलाव का सहारा लिया। इस दौरान उन्होंने मौसम सहित राजनीतिक परिदृष्य को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कडाके की ठंड के चलते रोजमर्रा की जिंदगी भले ही ठहरी है लेकिन गेहूं की फसल को लाभ मिला है जबकि अधिक धुंध होने तथा सूरज नहीं निकलने के चलते सरसों की फसल में नुकसान की संभावना बनने लगी है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अधिक सर्दी से खराब हो रही फसल का मुआवजा किसानों को देने की मांग की। ठिठुरती सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक अलाव जलाकर सर्दी दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। समझा जाता है कि पूरे पौष मास सर्दी का सितम रहा है। शुक्रवार के बाद माघ मास में सर्दी से राहत मिलने की संभावना है। बुधवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री व अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 382 दर्ज किया गया। कृषि विभाग के डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक सर्दी बनी रहने का अनुमान है। उसके बाद मौसम शुष्क लेकिन ठंड वाला बना रह सकता है। बढी हुई ठंड से फसलों को फायदा हुआ है। सरसों की बंपर पैदावार होने की संभावना है। उन्होने कहा कि पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए उनका चारा बढाएं तथा गर्म कपड़े से ढकें। पशुओं को खुले में न छोडें, धूप खिलने पर बाहर बाधें।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी

**सालभर से चल रहे धरने के दौरान एक साथी ने दी शहादत तो दर्जनभर ग्रामीण हुए बिमार**



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा 13 मार्च 2023 से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 318वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता मक्खन लाल ने की। उन्होंने कहा कि सालभर से जारी धरने के दौरान उनके दर्जनभर साथी बिमार हो चुके हैं वहीं बागोत वासी गौरी शर्मा की शहादत हो चुकी है। इसके बावजूद धरनारत ग्रामीणों का हौंसला कम नहीं हो रहा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि कंपकपाती सर्दी के बीच ग्रामीण कट बनाने की माग को लेकर धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग को अनदेखा कर रही है। जबकि केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से कट देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री छितरोली, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

## इतिहास में ध्रुव सितारे की तरह चमकते रहेंगे नेता जी : डॉ. मिश्रा

**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जन्म जयंती को देश भर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जहां विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर और पुष्प अर्पित किए गए तथा विद्यार्थियों को उनके जीवन वृत्त पर जानकारी दी गई। इसी क्रम में सिवानी खेड़ा स्थित आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार मिश्रा ने निकटवर्ती गांव खेड़ा निवासी आजाद हिन्द फौज के स्वतंत्रता सेनानी स्व. गणेश सिंह तंवर के घर पहुंच कर हर बार की तरह उनकी धर्मपत्नी बनारसी देवी को शाल भेंट कर सम्मानित किया, हाल-चाल पूछा व उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि



नेताजी की आज़ाद हिन्द फौज ने स्वाधीनता की लड़ाई में नई जान फूंक दी थी। राष्ट्र उनके और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कभी भूला सकता। वे हर हिन्दुस्तानी के हृदय हार थे। इस अवसर पर श्रीमती बनारसी देवी ने बताया कि उनका परिवार राष्ट्र सेवा के लिये समर्पित है। उनका बड़ा बेटा मनोहर सिंह तथा दूसरा बेटा कर्नल जगत सिंह तंवर भी सेना सेवा से सेवानिवृत्त हैं। इस मौके पर उनके साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान बदन सिंह तंवर, उनकी धर्मपत्नी संगीता देवी, शकुंतला देवी, दीपा मिश्रा, गुंजन मिश्रा, सतीश उपस्थित रहे।

# नूंह जिला बार एसोसिएशन ने चौ. जाकिर हुसैन का किया सम्मान

**वकीलों द्वारा चैंबर बनाने की माँग पर चौ. ज़ाकिर हुसैन ने मुख्यमंत्री के समक्ष इस माँग को जल्द रखने का दिया आश्वासन**

**चौ. ज़ाकिर हुसैन ने अपने निजी कोष से एक लाख रुपये दिए तथा समाजसेवी संजय गर्ग बिट्टू ने वाटर कूलर व पचास कुर्सियाँ दीं।**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बुधवार को कोर्ट परिसर में स्थित जिला बार रूम में नूँह के वकीलों के बीच में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक पहुंचे। बार रूम में पहुंचने पर नूंह बार के अध्यक्ष जाकिर खान एडवोकेट गोलपुरी के नेतृत्व में वकीलों ने चौधरी ज़ाकिर हुसैन का गुलदस्ता भेंट कर व फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। नूँह बार की तरफ से भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के समक्ष चैंबरों को सरकार द्वारा बनवाने व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से वकीलों की मुलाकात कराने की मांग की गई।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने अपने संबोधन में जोरदार स्वागत के लिए सभी वकीलों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नूँह बार की तरफ से चैंबरों को बनवाने के लिए हरियाणा सरकार से राशी देने की माँग की गई है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल से समय लेकर वकीलों के प्रतिनिधिमंडल के साथ चैंबरों को बनाने के लिए धनराशि के लिए मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सरकार से ज्यादा से ज्यादा मदद करवाने का प्रयास करेंगे। हुसैन ने कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश के विकास को लेकर बहुत गंभीर हैं। मेवात क्षेत्र से भी उनका विशेष लगाव है। इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। चौ. ज़ाकिर हुसैन ने अपने निजी कोष से एक लाख रुपये दिए तथा समाजसेवी संजय गर्ग बिट्टू ने वाटर कूलर व पचास कुर्सियाँ दीं। इस अवसर पर उनके साथ उनके सुपुत्र युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट व वरिष्ठ समाजसेवी संजय गर्ग बिट्टू भी साथ थे। इस अवसर पर जाकिर प्रधान जिला बार नूंह, उप प्रधान मुस्तफा लड़माकी, पूर्व प्रधान साजिद सलंबा, पूर्व अध्यक्ष ताहिर रूपड़ि़या, मुजम्मिल अडबर, इमरान सालाहेड़ी, ताहिर मेवली, साहुन निजामपुर, मुस्ताक रिठोड़ा, सुरेश गुप्ता, निशांत गुप्ता, आर के छोंकर, अमित जाजूका, खलील रुपड़ि़या, जाहिद खेड़ला, हरीश, ताहिर हुसैन झांडा, मुबीन मुरादाबाद, लक्की नूंह आदि के अलावा सैंकडों वकील साहिबान मौजूद रहे।

## रोडवेज कर्मचारियों की हडताल बेअसर साबित हुई

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सांझा मोर्चा के आव्हान पर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावित 24 जनवरी की हडताल महेंद्रगढ जिले में बेअसर साबित हुई। यहां पर रोडवेज की बसें रोजमर्रा की भांति चली। बस स्टैंड पर रात्री ठहराव करने वाली दूरगामी रूट की बसें निर्धारित समय पर रवाना हुई। जिससे यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हई। हालांकि हडताल के मद्देनजर पुलिस कर्मचारी मुस्तैद रहे। देवेंद्र बिट्टू ने बताया कि रोडवेज कर्मचारी पक्का करने, वेतन विसंगति को दूर करने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, अर्जित अवकाश बहाल करने जैसी मागों को लेकर हड़ताल पर रहे।

राष्ट्रीय पर्व-गणतंत्र दिवस को लेकर जिला पुलिस अलर्ट

# हर संदिग्ध पर रखी जा रही है पैनी नजर, किए व्यापक पुलिस प्रबंध : डॉ अंशु सिंगला

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला आईपीएस ने जानकारी देते हुये बतलाया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जिला में राष्ट्रीय पर्व-गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी 2024 को जिला स्तर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल व सब डिविजनल स्तर पर होडल मे राजकीय मॉडल संस्कृति बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल होडल और हथीन मे अनाज मंडी हथीन में मनाया जायेगा। इस बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल में श्री संदीप सिंह माननीय प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी मंत्री हरियाणा सरकार व राजकीय मॉडल संस्कृति बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल होडल में श्री नरेंद्र गुप्ता माननीय विधायक ओल्ड फरीदाबाद तथा अनाज मंडी हथीन में श्री राजेश नागर माननीय विधायक तिगांव गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे।



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला में गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट कर दिया गया है। जिले में कानून व्यवस्था एंव शांति की दृष्टि से अलग-अलग जगह 14 नाके स्थापित किये गये हैं। कडी सुरक्षा को लेकर लगायें पुलिस नाकों के द्वारा सदिग्धो पर नजर रखी जा रही है और आनें जानें वालें सदिंग्ध व्यक्ति वाहनों को चैक किया जा रहा है। सभी थाना प्रबंधकों द्वारा अपनें-2 क्षेत्र में असामाजिक तत्वो पर निगरानी रखनें हेतु भीड-भाड इलाकों में गस्त पडताल करने के निर्देश जारी किए गए हैं और इसके अलावा उन्हें निर्देशित किया गया कि अगर कोई सदिग्ध पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाये। इसके साथ ही सभी थाना व सभी क्राईम युनिट द्वारा भी इलाको में स्थित होटल, धर्मशालाओ व बाजारों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि को बारीकी से चैक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नें कहा कि बिना नंबर वाले वाहनों की भी लगातार चेकिंग के निर्देश दिए हुए हैं ताकि किसी प्रकार की कोई असमाजिक गतिविधि उत्पन्न ना हों। समारोह स्थल में व्यापक तौर पर प्रबंध करते हुये चारों तरफ दंगा निरोधक यंत्रो सहित जवान तैनात किये गये है। पर्बलिक इन्ट्री गेट पर मैटल डोर डिटेक्टर लगाये गये हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

**असामाजिक तत्वों के बारे में सूचना देने की अपील :**

पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि किसी संदिग्ध व्यक्ति बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने का पता चलता है तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को तुरंत दे। और इसके अलावा कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व भीड़-भाड़ वाली जगहों पर कोई लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो उसे न छुए क्योंकि इसमें कोई बम या विस्फोटक पदार्थ हो सकता है। ऐसी लावारिस वस्तुओं के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें। ताकि समय रहते अप्रिय घटना होने से बचा जा सके।

# गणतंत्र दिवस के मध्य नजर एसपी डॉ अंशु सिंगला के निर्देश पर पुलिस टीमों ने चलाया सर्च अभियान

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्व-गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है।



पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के निर्देश पर आज शहर पलवल, हथीन, होडल सहित जिला पुलिस के सभी क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारियों ने पुलिस टीमों के साथ सर्च अभियान चलाया।

डीएसपी हेडक्वार्टर पलवल श्री शाकिर हुसैन, डीएसपी हथीन श्री सुरेश भड़ाना तथा डीएसपी होडल श्री सज्जन सिंह के नेतृत्व में चले इस सर्च अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल धर्मशाला तथा साइबर कैफे पर चेकिंग की। पुलिस के इस सर्च अभियान में डॉलर एवं डेनी नामक डॉग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सर्च अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा होटल, रेस्टोरेंट तथा धर्मशाला संचालकों को निर्देश दिए कि उनके पास रहने वाले लोगों की सूची संबंधित थाना में सौंपे ताकि उनके बारे में पूरी तरह से जांच पड़ताल की जा सके।

जिला पुलिस की ओर से आमजन से यह भी कहा गया है कि मकान व दुकान किराए पर देते समय अथवा मकान व दुकान पर नौकर रखने के बारे में भी पुलिस को सूचित करें, ताकि ऐसे व्यक्तियों के बारे में पूरी तरह से तस्दीक की जा सके। जिला पुलिस की ओर से चलाया जा रहा यह सर्च अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

# डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम : उपायुक्त नेहा

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाना है। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्रात: 09 बजे के स्थान पर अब 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस



कार्यक्रम में जिला स्तर, खंड स्तर पर करवाई गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं अथवा श्रेष्ठ बीएलओज को प्रशंसा पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 25 जनवरी 2024 को प्रात: 11 बजे डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को उपस्थित रहने के आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में सम्पन्न हुई गणतंत्र दिवस-2024 की अंतिम रिहर्सल

**उपायुक्त नेहा सिंह ने राष्ट्रगान की धुन के साथ किया ध्वजारोहण-परेड का निरीक्षण कर ली मार्च पास्ट की सलामी**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की बुधवार को स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में अंतिम रिहर्सल सम्पन्न हुई। अंतिम रिहर्सल में उपायुक्त नेहा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर राष्ट्रगान की धुन के साथ ध्वजारोहण किया। डीसी नेहा सिंह ने पुलिस अधीक्षक अंशु सिंगला के साथ परेड का निरीक्षण किया। अंतिम रिहर्सल में परेड की टुकडिय़ों ने शानदार मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट के दौरान परेड की टुकडिय़ों ने मंच के सामने से गुजरते हुए राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। रिहर्सल के दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों ने देशभक्ति के साथ देश की विभिन्नता में एकता का संदेश संजोए शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। फुल ड्रैस रिहर्सल में एमडी शुगर मिल शशि वसुंधरा, नगराधीश द्विजा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहर पलवल, स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीवीएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खाम्बी, लोटस इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओमेक्स सिटी पलवल तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल कैम्प के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। अंतिम रिहर्सल की परेड की टुकडिय़ों में उप पुलिस अधीक्षक नरेश कुमार पलवल, पीएसआई सुमित, हरियाणा महिला पुलिस की टुकडी ने अंजना, होमगार्ड की टुकडी ने सुनील सिन्हा,



आईटीआई पलवल की एनसीसी सीनियर विंग की टुकडी ने नरेश कुमार, एनसीसी सीनियर विंग एसडी कालेज पलवल ने साक्षी, डा. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी सीनियर विंग ने काजल, धर्म पब्लिक स्कूल पलवल की एनसीसी जूनियर विंग ने धुरव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल की भारत स्काउट एंड गाइड ने गगन, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैम्प की प्रज्जातंत्र के प्रहरी की टुकडी ने कुमारी मनीषा तथा टैगोर पब्लिक स्कूल पलवल की बैंड की टुकड़ी ने आशु चौहान के नेतृत्व में जोरदार मार्च पास्ट किया। सभी टुकडिय़ों ने मंच के सामने से गुजरते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने डीपीई राजबीर की अगुवाई में पीटी शो, डंबल व लेजियम शो का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम का मंच संचालन जसबीर सिंह तेवतिया ने किया। अंतिम रिहर्सल का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# तिगांव के विधायक राजेश नागर उपमंडलस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

**उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 2024 को भव्य रूप से मनाने के मद्देनजर की गई फुल ड्रैस रिहर्सल**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** स्थानीय अनाज मंडी में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2024 को भव्य रूप से मनाने के मद्देनजर सभी कार्यक्रमों की फुल ड्रैस रिहर्सल हथीन के एसडीएम लक्ष्मी नारायण के मार्गदर्शन में बुधवार को आयोजित की गई।



फुल ड्रैस रिहर्सल में एसडीएम लक्ष्मीनारायण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। फुल ड्रैस रिहर्सल में हरियाणा पुलिस तथा स्कूली विद्यार्थियों की टुकडिय़ों ने मार्च-पास्ट किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां दी।

एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने बताया कि 26 जनवरी 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में तिगांव के विधायक राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बुराका, शहीद नायक राजेंद्र सिंह राजकीय मॉडल सिनियर सैकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टैगोर पब्लिक स्कूल, सहरावत सिनियर सैकेंडरी स्कूल हथीन, सर्वानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल हथीन द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गईं। इसी कड़ी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीन की छात्राओं ने राष्ट्रीयगान की भव्य प्रस्तुति दी।

इस मौके पर डीएसपी सुरेश भडाना, खंड शिक्षा अधिकारी सागिर अहमद, मंच संचालक राजाराम, बिजेंद्र डागर, पुलिस विभाग के अधिकारीगण सहित स्कूलों के अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं को मिले बेहतर सुविधा का लाभ : पीसी मीणा

प्रबंध निदेशक ने पलवल ऑपरेशन सर्कल की ऑपरेशनल रिव्यू बैठक ली



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बुधवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पलवल सर्कल की ऑपरेशनल रिव्यू बैठक (ओआरसी) की। उन्होंने पलवल ऑपरेशन सर्कल के सभी अधिकारियों के साथ सिलसिले वार सभी बिंदुओं पर समीक्षा की। इसमें बिजली निगम द्वारा करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों बारे विवरण दिया गया। प्रबंध निदेशक ने बिजली उपभोक्ताओं के संतुष्टीकरण को लेकर उनको बेहतर सुविधा एवं सुचारु बिजली आपूर्ति करने के लिए करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के नए बनने वाले सब स्टेशनों की भी जानकारी ली। उन्होंने लोड की मांग के अनुरूप नए पावर ट्रांसफार्मर लगाने, 12.5/16 एमवीए के स्थान पर 25/31 एमवीए के बड़े ट्रांसफार्मर लगाने, लोड शिफ्ट करने, वीसीपी पैनल बदलने, नए पैनल लगाने आदि का भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने डीएचबीवीएन के दिसंबर-2023 तक बैंक में प्रेषण निर्धारित और प्राप्त राजस्व लक्ष्य की स्थिति व उसके अंतराल के कारण, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में एटीएंडसी एवं वितरण हानि और संग्रह दक्षता की स्थिति, डिफॉल्ट राशि एवं बकाया की स्थिति, उसके बढने. के कारण, पिछले वर्ष की तुलना के साथ वितरण ट्रांसफार्मर की क्षति की स्थिति व क्षति दर, एलआरपी, शहरी फीडर की स्थिति व उसके नुकसान, म्हारा गांव जगमग गांव योजना की स्थिति और प्रगति तथा चोरी का पता लगाने की स्थिति का भी जायजा लिया।

प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने मौजूदा वित्त वर्ष में डीएचबीवीएन के लाइन लॉस, वितरण सहित एटीएंडसी लॉस कम करने, ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त दर कम करने, राशि वसूली एवं संग्रह क्षमता बढ़ाने, चोरी पकडने.आदि की समीक्षा करते हुए इसमें सुधार करने के जरूरी निर्देश दिए। बैठक में डीएचबीवीएन के निदेशक सुरेश बंसल, चीफ इंजीनियर विनीता सिंह, केसी अग्रवाल, एचवीपीएन के एसई अतुल अग्रवाल, एसई पलवल जोगिंदर हुड्डा, कार्यकारी अभियंता मॉनिटरिंग प्रदीप ढुल, विजिलेंस के गौरव चौधरी, एमएंडपी के एसपी सचदेवा, सीबीओ के एचएस जाखड़, सेंटर स्टोर के अमनदीप, एचवीपीएन के हंस राज सहित पलवल ऑपरेशन सर्कल के सभी कार्यकारी अभियंता एवं उपमंडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पलवल में दहेज नहीं मिलने पर विवाहिता की हत्या

पति ने हत्या से पहले पीटा, फिर केमिकल पिलाया; अस्पताल में मौत, 6 पर

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** दहेज हत्या के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। दहेज की मांग पूरी न होने पर नव विवाहिता को कोई केमिकल पिलाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि पत्नी के मर्डर से पहले पति ने अपनी सास को फोन कर पत्नी को जान से मारने की धमकी दी थी। ससुराल वालों पर विवाहिता के साथ मारपीट कर जबरन केमिकल पिलाने का आरोप है। गदपुरी थाना पुलिस ने भाई की शिकायत पर पति सहित छह के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है। गदपुरी थाना की बघौला चौकी प्रभारी



सुनील कुमार के अनुसार, सोहना रोड़ स्थित कृष्णा कॉलोनी निवासी दीपक कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि अप्रैल-2022 को उसकी बड़ी बहन चंचल की शादी देवली गांव निवासी नरेश के साथ की थी। शादी में दिए गए दहेज से ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए और शादी के बाद से ही चंचल को प्रताड़ित करने लगे। उसका पति नरेश शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता और घर से निकाल देता वे चंचल को समझाकर फिर से ससुराल भेज देते थे। चंचल के साथ उसका पति नरेश, ससुर गोपाल, किशनदेई, उदल, रेखा व दीपचंद मारपीट करते थे। जनवरी को उसकी मां के पास नरेश का फोन आया कि आज तेरी लड़की को जान से खत्म कर दूंगा। 22 जनवरी को चंचल का फोन आया कि उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। कुछ देर बाद नरेश का फोन आया कि चंचल ने केमिकल पी लिया है। चंचल की हालत खराब होने पर उसे फरीदाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी बहन चंचल को जबरन केमिकल पिला दिया, जिससे उसकी मौत हुई है। गदपुरी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# पलवल में हरियाणा रोडवेज के चक्का जाम का रहा मिलाजुला असर, की हड़ताल बेअसर

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिले में हरियाणा रोडवेज बसों की हड़ताल बेअसर रही। बुधवार को सुबह एसकेएस व महासंघ के कुछ कर्मचारी बस स्टैंड परिसर में दरी बिछाकर बैठे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लेकिन रोडवेज बसें रोजाना की तरह अपने समय पर सभी रूटों पर चलती रही। विभिन्न रुटों पर चलने वाली प्राइवेट बसें भी अपने समय पर

**कर्मचारियों की यूनियन दो फाड़ में बटी, कुछ ने किया प्रदर्शन तो कुछ चलाते रहे बसें**

सवारियों को लेकर आती-जाती नजर आई। जिले डिपो पर महासंघ के जिला प्रधान राजू व एसकेएस के प्रधान जितेंद्र के नेतृत्व में कुछ कर्मचारी बस स्टैंड परिसर में बुधवार को सुबह दरी बिछाकर बैठ गए और हरियाणा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना था कि वे अपनी मांगों को बार-बार सरकार के समक्ष रख चुके है। लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके कारण उन्होंने एक दिन का चक्का जाम करने का निर्णय लिया था।

**बस में चढ़ती सवारियां :**

सरकार की वादा खिलाफी के चलते हरियाणा रोजवेज कर्मचारी



सांझा मोर्चे के आह्वान पर हड़ताल करनी थी। लेकिन जिले में यह हड़ताल कर्मचारियों की आपसी फूट के चलते श्रेय नहीं चढ़ सकी। क्योंकि कुछ यूनियनों ने हड़ताल से किनारा कर लिया था। जिसके चलते पलवल डिपो से समय पर बसों का परिचालन रहा।हरियाणा रोडवेज की हों या प्राइवेट रुटों की बसें हों, सभी सुबह से ही अपने-अपने निर्धारित रूटों पर चलती रही। जिससे यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं हुई। दोनों प्रधानों के नेतृत्व में कुछ कर्मचारियों ने हड़ताल में हिस्सा लेते हए प्रदर्शन जरूर किया। लेकिन बसों का परिचालन सरकार की वादा खिलाफी के चलते हरियाणा रोजवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर हड़ताल करनी थी। लेकिन जिले में यह हड़ताल कर्मचारियों की आपसी फूट के चलते श्रेय नहीं चढ़ सकी। क्योंकि कुछ यूनियनों ने हड़ताल से किनारा कर लिया था। जिसके चलते पलवल डिपो से समय पर बसों का परिचालन रहा। हरियाणा रोडवेज की हों या प्राइवेट रुटों की बसें हों, सभी सुबह से ही अपने-अपने निर्धारित रूटों पर चलती रही। जिससे यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं हुई। दोनों प्रधानों के नेतृत्व में कुछ कर्मचारियों ने हड़ताल में हिस्सा लेते हुए प्रदर्शन जरूर किया। लेकिन बसों का परिचालन बाधित नहीं हुआ।


सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा।
समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# मुख्यमंत्री ने दी वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया 270 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

**कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया जताया मुख्यमंत्री का आभार**

**7 विकास कार्यों का उद्घाटन व 8 का शिलान्यास करने सहित कुल 15 परियोजनाएं शामिल**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को जिला फरीदाबाद के लिए लाइव वीडियो के माध्यम से कुल 15 परियोजनाओं में 7 का उद्घाटन व 8 शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। लाइव विडियो कान्फ्रेंस का आयोजन सेक्टर-12, लघु सचिवालय के बैठक कक्ष कमरा नंबर 603 में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे। जहां विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद प्रशासक श्रीमती गरिमा मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। बाद हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज फरीदाबाद सहित हरियाणा को 2034 करोड़ रुपये की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। इनमें मुख्य रूप से सबसे ज्यादा धनराशि के विकास परियोजनाओं में 270 करोड़ रुपये की धनराशि विभिन्न विकास परियोजनाएं रही हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला की 270 करोड़ रुपये की धनराशि की परियोजनाओं का मुख्यमंत्री मनोहर लाल 7 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिनमें बड़खल झील पर 2092 लाख, वैन्टो नाइटट्रीटमेंट प्लांट पर 190 लाख, मल्टीग्रेटिड पार्किंग पर 1673, बराही तालाब का नवीनीकरण पर 1059 लाख, माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगावं पर 485 लाख, आरएमसी रोड़ गुरूग्राम कैनाल पर 1100 लाख और 66 केवी सबस्टेशन सैक्टर-37 पर 1650 लाख की धनराशी खर्च कर पूरा किया गया है। वहीं शिलान्यास परियोजनाओं में एफएमडीए के 51 करोड़ 48 लाख रुपये की धनराशि के तीन रैनीवैल, 2750 लाख रूपये की धनराशी के सूरज कुण्ड और 1320 लाख रूपये की धनराशी के ग्रीन फिल्ड कालोनी में एक-एक 66 केवी सबस्टेशन, 1700 लाख रूपये की धनराशी का राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में 500 सीटों का ऑडिटोरियम तथा टीचिंग ब्लाक का निर्माण, 1600 लाख रूपये की धनराशी का बल्लबगढ-तिगांव-मंझावली रोड़, 2280 लाख रूपये की धनराशी से सैक्टर-16 में व्यवसायिक कम्लैक्स और 504 लाख रूपये की धनराशी से फतेहपुर चंदीला गांव फरीदाबाद ओल्ड में चौपाल रोड़, हाई मास्क लाइटिंग और गार्डनिंग के कार्य शामिल हैं।

# विधायक नीरज शर्मा के समर्थन में लामबंद हुए जिले के कांग्रेसी नेता

**भाजपा सरकार की कार्यशैली पर लगाए सवालिया निशान**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** एनआईटी क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा द्वारा अपनी विधानसभा में विकास के लिए 28 करोड़ की राशि न दिए जाने के बाद 'कफन' पहन लिए जाने का मामला अब तूल पकडने. लगा है। कांर्ग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उनके समर्थन में उतर गए है और उन्होंने भाजपा सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए है।

पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया का कहना है कि कांग्रेस विधायक को कफन पहनाकर भाजपा सरकार ने ब्राह्मणों का अपमान किया है, विधायक नीरज शर्मा का क्या इतना कसूर था, उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास के लिए 28 करोड़ की राशि मांगी? मुख्यमंत्री स्वयं तो नई-नई जैकेट पहनते है, लेकिन उन्होंने विधायक के कपड़े उतरवाकर अपनी निचली सोच का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर ब्राह्मणों से आर्शीवाद लेने के लिए उन्हें उपहार दिए जाते है, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ब्राह्मण विधायक के कपड़े उतारकर बड़ा पाप किया है और कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर तरीके से विरोध करती है। वहीं पूर्व संसदीय सचिव कुमारी शारदा राठौर ने कहा है कि भाजपा ऐसी पहली सरकार है, जिसमें विधायक को विकास न करवाने पर 'कफन' पहनने को मजबूर होना पड़ा है, इस सरकार में जब विधायकों की ही नहीं सुनीं जा रही तो भला आम आदमी की क्या सुनवाई होगी, यह सहज हीं अंदाजा लगाया जा सकता ह।

शारदा राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार के उल्टे दिन शुरू होने वाले है क्योंकि ब्राह्मणों का अपमान करके कोई भी सुखी नहीं रह सकता इसलिए सरकार को विधायक नीरज शर्मा से माफी मांगकर उन्हें उनके क्षेत्र के विकास के लिए ग्रांट देनी चाहिए।

उधर बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने भी भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ-सबका विकास की बात करते है, जबकि दूसरी तरफ विधायक को क्षेत्र मे विकास कार्यो के लिए पैसे नही देते। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है, भाजपा नेता जो कहते है, उसे कभी नहीं करते। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास करवाना एक जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है, ऐसे में नीरज शर्मा की मांग पूरी तरह से जायज है, लेकिन मुख्यमंत्री और उनकी सरकार ने ब्राह्मण विधायक का अपमान किया है, जिसका खमियाजा भाजपा सरकार को आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा।

उधर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने कहा कि भाजपा सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में हरियाणा प्रदेश विकास में पिछड़ गया है, जो प्रदेश कभी कांर्ग्रेस शासनकाल में देश के मानचित्र पर अंकित होता था, आज बेरोजगारी, महंगाई और विकास से महरूम है। इस सरकार में विकास दूर-दूर तक नजर नहीं आता, नजर आती है तो केवल समस्याएं ही समस्याएं। उन्होंने कहा कि नीरज शर्मा ने 'कफन' पहनकर इस सरकार को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने जनादेश का सम्मान नहीं किया तो आने वाले समय में जनता उन्हें वोट की चोट से जवाब देगी और सत्ताविहिन करके ही दम लेगी।

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का सम्मान प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य : शील मधुर

**आईएमटी में हुआ राष्ट्रीय ध्वज सम्मान जन जागरूकता अभियान का आयोजन**




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस के पूर्व महानिदेशक व तिरंगा सेना तथा सादर इंडिया के अध्यक्ष शील मधुर ने सेक्टर 86 स्थित प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थान परिसर में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज सम्मान जन जागरूकता अभियान में उपस्थित हुए। संस्थान के निदेशक डॉ. रवि हान्डा ने पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर का शाल ओढ़ाकर, गुलदस्ते व स्मृति चिन्ह से स्वागत तथा सम्मान किए। इस अवसर पर पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर ने अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के इतिहास व महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। शील मधुर ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की एकता तथा अखण्डता का प्रतिक है, प्रत्येक नागरिक को इसका सम्मान करना चाहिए। जाने-अनजाने इसका अपमान कदाचित स्वीकार्य नही है। राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े विभिन्न पहलूओं को जन-जन पहुँचाए जिससे राष्ट्रीय पर्व तथा अन्य अवसरों पर समुचित सम्मान मिले। संस्थान के निदेशक डॉ. रवि हान्डा ने शील मधुर का आभार प्रकट किए तथा आशा व्यक्त किए कि इस ऐतिहासिक आयोजन से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति आस्था और सम्मान बढ़ेगा साथ ही अनभिज्ञता के कारण हो रही गलतियों में सुधार होगा। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# बन्नूवाल वैलफेयर एसोसिएशन ने किया राजीव जेटली का स्वागत




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थाओं में शामिल बन्नूवाल वैलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पहुंच कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली का स्वागत किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान राकेश भाटिया ने राजीव जेटली को माला पहना कर उनके प्रति संस्था की तरफ से सम्मान प्रकट किया। बन्नूवाल वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान राकेश भाटिया ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर 21डी निवासी राजीव जेटली को अपना मीडिया सलाहकार नियुक्त कर पूरे फरीदाबाद जिले को सम्मान देने का काम किया है। राजीव जेटली पिछले लंबे समय से शहर के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं। वहीं पार्टी की मजबूती के लिए भी वे लगातार अहम भूमिका अदा रहे हैं। राकेश भाटिया ने बताया कि इस औपचारिक भेटवार्ता के दौरान उनकी संस्थ्या के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली के साथ बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर गहनता के साथ चर्चा की। इस विशेष मुलाकात के दौरान राजीव जेटली ने बन्नूवाल वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की जमकर सराहना की। राजीव जेटली ने कहा कि बन्नूवाल वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा बुजुर्गो के लिए निशुल्क टिफीन सेवा, बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा और अल्पाहार की सेवा लंबे समय से चलाई जा रही है। इसके अलावा एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क फिजियोथैरेपी सेंटर का शहर के लोगों को खूब लाभ मिल रहा है। उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे समाजसेवा के कामों में संस्था को निरंतर अपना योगदान देते रहेंगे। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान राकेश भाटिया के साथ तिलकराज भाटिया, सुशील भाटिया, राजन भाटिया, वंदना मल्होत्रा, संजीव ग्रोवर, संजय अरोड़ा, दिनेश भाटिया, रेनू राजन भाटिया और शशि भाटिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

# निगम कर्मचारियों प्रदर्शन कर विधायकों को सौंपे मांगपत्र




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के घोषित आंदोलन के तहत आज नगर निगम के कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए एनआईटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा को प्रात: 10 बजे व बडख़ल विधानसभा की विधायिका सीमा त्रिखा को दोपहर 2 बजे ज्ञापन प्रेषित कर संघ व सरकार के बीच 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौते को लागू करने नगर निगम गुरुग्राम से छटनी किये गए 3480 कर्मचारियों को दुयती पर वापस लेने सभी भत्तों सहित समान काम समान वेतन देने पालिका परिषद नगर निगमो में अनुबंधित आधार व ।्यिक्रहृ , वर्क आउटसोर्सिंग एवम अन्य सभी प्रकार के कच्चे सफाई कर्मचारी व सिवरमैन तथा तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का किया जाए । संघ द्वारा 23 अक्टूबर 2023 को दिए गए 24 सूत्रीय मांगों का बातचीत से समाधान करने 8 फरवरी 2023 के पत्र के अनुसार 4298 सफाई कर्मचारी व 68 सिवरमैनो के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती के माध्यम से अनुबंध आधार पर लगे सफाई कर्मचारी व सिवरमैनो को नियमित किया जाए तथा दिमिनीसिंग कैडर से पदों को भार किया जाए 1327 अनुबंध एवम 212 एचकेआरएन पर लगे । फायरमैन व फायर चालको को स्वीकृति पदों पर समायोजित किया जाए बिना शर्त ्रष्टक्क का लाभ दिया जाए फायर विभाग को पुन: निकाय विभाग में शामिल करने की माँग की आज के पर्दशन का नेतृत्व संघ के राज्य उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि , जिला प्रधान दलीप बोहोत, जिला कार्यकारी प्रधान सुदेश जैनवाल, जिला कैशियर अनिल चंडालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरुचरण खण्डिया , वरिष्ठ उपप्रधान स्यस्र बलबीर बालगुहेर, बेलदार यूनियन प्रधान शाहबुद्दीन खान, वाटर सप्लाई यूनियन प्रधान देवीचरण शर्मा, सचिव रामरतन, ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के उपमहासचिव सुनील कुमार चिंडालिया ने कहा कि सरकार पालिका परिषद व निगमो की मांगों को अनदेखा व अनसुना कर रही है सरकार आंदोलन के दबाब में संघ से बातचीत करती व बातचीत में मानी गयी मांगो के समझौते को लागू नही करती जिससे कर्मचारियों को बार बार आंदोलन करना पड़ रहा है संघ नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि कर्मचारियों की मांगों समाधान तुरन्त पर प्रभाव से नही किया तो आने वाले चुनावो में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा जिसका आगाज 4 फरवरी 2024 को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की रोहतक में होने वाली रैली में पालिका परिषद व निगमो के हज़ारों कर्मचारी भाग लेंगे और रैली के मंच से सरकार की कर्मचारी विरोधी जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जो भी आगामी आंदोलन का फैसला होगा उसमे बढ़चढ़ कर भाग लेंगे । आज के पर्दशन में अन्य के अलावा कर्मि नेता राकेश चिंडालिया, दर्शन सोया, महेन्द्र कुढिया श्रीपाल मौर्या शक्ति उज्जैन वाल संजय कीर, राजीव मांडोतिया, मनोज बालगुहेर व राजू बेलदार यूनियन हेमंत नंदन सिवरमैन यूनियन प्रदीप चावरिया, महिला, ललिता, सुरेश देवी कमलेश शकुंतला आदि मौजूद रही।

# बिजली विभाग की चल रही मनमानी से परेशान है जनता : धर्मबीर भड़ाना




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आज आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना व उनकी टीम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर चल रही लूट का खुलासा करते हुए जनता से इसका पुरजोर विरोध करने की अपील की है, आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि पहले तो सरकार ने आनन-फानन नई तकनीक के मीटर बदलकर भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाया, अब अपने बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर 1000 से लेकर 1500 तो रुपए के चार्ज जिनका कोई नाम नहीं है लगाकर भेज रही है, धर्मवीर भड़ाना ने यह भी कहा कि अगर जल्द ही इस लूट को ना रोका गया तो आम आदमी पार्टी जिले के स्श्व कार्यालय के बाहर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी, इस कांफ्रेंस में जिला सचिव मेहरचंद हरसाना प्रदेश के प्रवक्ता नरेश शर्मा, राम गौर, राजा भैया, सचिन चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, सुभाष बघेल, सतपाल पांचाल सतपाल सतपाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व खनन विभाग की संयुक्त रेड

**सिटी 24 न्यूज**

**रेवाड़ी।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाडी से सतेन्द्र कुमार, माइनिंग विभाग से खनन निरिक्षक आरजू, बिजली विभाग से निरीक्षक पवन जूनियर इंजीनियर जिला नगर योजनकार रेवाड़ी से धर्मपाल जूनियर इंजीनियर व प्रदुषण विभाग से अंजुरानी एससीआईबी की संयुक्त टीम तैयार करके गांव - सहारनवास नजदीक बाईपास स्थित शिवा आईएमससी प्लांट का औचक निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान प्लांट पर इंजीनिगर कुलदीप हाजिर मिला। जिसकी हाजरी में प्लांट चेक किया तो कुलदीप प्लांट संचालन के संबंध में मौका पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। रोडी व डस्ट के लिए जिस संबंध में खनन निरिक्षक आरजू ने डस्ट का मापतोल किया तो मौके पर करीब 1500 मेट्रिक टन पड़ी रोडी व 12007 डस्ट मिली। जिस सम्बंध में बिल प्रस्तुत न किये जाने पर कार्यलय पहुंचकर फर्म को नोटीस जारी किये जाएंगे। बिजली विभाग से जूनियर इंजीनियर पवन कुमार ने प्लांट का निरिक्षण किया तो मौके पर उक्त प्लांट पर कोई बिजली कनेक्शन विभाग द्वारा नहीं लिया गया है ना ही प्लांट पर बिजली चोरी होनी पाई गई। उक्त प्लाट पर सारा कार्य जनरेटर द्वारा किया जा रहा है ।जिला नगर योजनाकार से धर्मपाल ने अपनी निरिक्षण उपरान्त बताया कि कार्यालय से रिकार्ड पैक करने उपरान्त अगर आईएमसी प्लाट के सम्बंध में कोई सीएलयू - एन ओ सी नहीं पाई जाती है तो फर्म को नोटीस देने उपरान्त आगामी कार्यवाही की जाएगी।